CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, बुधवार 28 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 297 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गयाः खड़गे पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम सम्पादकीय




न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को ग़ुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को ग़ुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

■ सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती



### यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।



■ समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा
■ उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगेः ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।




■ यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए
■ उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू र्न कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।



■ राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत
■ पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

■ शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तश्वरानंद के समर्थन में साधु संतों ने शुरू की धूनी साधना

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अनशन के समर्थन में मंगलवार को साधु संतों ने एक अनूठी साधना शुरू कर दी है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की अगुवाई में बड़ी संख्या में संतों ने शिविर के सामने धूनी साधना शुरू कर दिया है। वैष्णव संत वसंत पंचमी से गंगा दशहरा तक अपने चारों तरफ आग जलाकर कठिन तपस्या करते हैं, इसे ही धूनी तापना कहते हैं और इससे संत शरीर की ताप सहने की क्षमता बढ़ाते हैं, धूनी तापकर संतों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का समर्थन किया। पिछले दस दिनों से त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के बाहर पालकी पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद मेला प्रशासन से ससम्मान गंगा स्नान कराने की मांग कर रहे है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी के साथ स्नान करने संगम नोज जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने रोका था। प्रशासन ने संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का हवाला देते हुए पैदल जाने का अनुरोध किया था।

### कफ सिरप मामले में शुभम का करीबी विकास नर्वे गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के सबसे करीबी सहयोगी विकास सिंह नर्वे को वाराणसी पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने सिद्धार्थनगर जिले में नेपाल बॉर्डर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि नर्वे को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद विकास सिंह को वाराणसी लाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव टलने पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**लखनऊ, वार्ता**

ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत चुनावों की तिथि आगे बढ़ाई जाती है, तो राजस्थान सरकार की तर्ज पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यदि राज्य सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराती है, तो संगठन इसका स्वागत करेगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। यदि प्रशासकीय व्यवस्था में रिक्तता आती है, तो ग्रामीण विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे में मौजूदा ग्राम प्रधानों को अस्थाई प्रशासक बनाए जाने से गांवों में चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता को आवश्यक सेवाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन ने यह भी अनुरोध किया है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए।

# गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, दो विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिए पास का इंतजाम किया। राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे, तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

### विपक्षी का सरकार पर विधायी एजेंडा देने में विफल रहने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद का बजट सत्र शुरु होने से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार पर विधाई एजेंडा देने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य ह्विप के. सुरेश ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधाई एजेंडे नहीं देने के आरोप लगाए, जिसमें सरकार की तरफ से बैठक में शामिल मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। सुरेश ने कहा कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहलने विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरू हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा, जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा सुविधा न देने पर अदालत खफा

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई बीसीआई को फटकार

**नई दिल्ली।**



■ राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर सवाल उठाए

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाते हुए राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को समुचित मानदेय और यात्रा भत्ता उपलब्ध न कराए जाने पर सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह मुद्दा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि के मौखिक उल्लेख के बाद उठाया। गिरि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति के सदस्य हैं। गिरि ने पीठ को बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समितियों के सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय उनकी गरिमा और पद के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि इनमें कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब यह विषय बीसीआई के समक्ष रखा गया, तो परिषद ने जवाब दिया कि ऐसा भुगतान 'बहुत अधिक' होगा और व्यवहा. रिक नहीं है। गिरि ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि या तो इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएं, या फिर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में बीसीआई द्वारा न्यायमूर्ति धूलिया को भेजे गए जवाब को भी पीठ के समक्ष रखा। इसके अलावा गिरि ने यह भी बताया कि बीसीआई ने राजस्थान बार काउंसिल चुनावों के लिए एक अलग समिति गठित कर दी है, यह कहते हुए कि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट के 18 नवम्बर 2024 के आदेश में राजस्थान का उल्लेख नहीं था। उन्होंने दलील दी कि यह कदम अदालत के निर्देशों की भावना और मंशा दोनों के विपरीत है और बताया कि उक्त समिति पहले ही चुनावों की अधिसूचना जारी कर चुकी है। पीठ ने बीसीआई के इस रुख पर सवाल उठाते हुए उसके वकील से पूछा कि राजस्थान को आदेश से बाहर क्यों रखा गया और अदालत को सूचित किए बिना अलग समिति क्यों बनाई गई। सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह अगले दिन तक इस पर स्पष्टीकरण दे। पीठ ने समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता न दिए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपने चुनाव शुल्क यह कहकर तय किया कि उससे चुनाव कराने के लिए पर्याप्त धन जुटेगा। अब आप सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कह रहे हैं कि आप उन्हें मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं दे सकते। वे क्या करें? क्या उनके पास अपना विमान है? गिरि ने आगे बताया कि समिति के सदस्यों को यात्रा की बुकिंग अपने खर्च पर करनी पड़ रही है और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों और विशेष रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के अनुरूप नहीं हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्च न्यायालय में उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

# संविधान को अपने से नीचे समझना ठीक नहीं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा संविधान को अपने से नीचे समझने की भूल कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जनता आज यह सवाल कर रही है कि जब अपने ऊपर दर्ज मुकदमे हटवाए गए, तब संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह कार्य किया गया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लगातार मंचों से 'सनातनी संतों' का तिरस्कार कर रहे हैं और अपमानजनक उपमाओं का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में भी नकारात्मक 'बुलडोजरी सोच' के समर्थन में नारे लगवाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जबकि उपद्रव करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ताकामी भाजपा का धर्म-विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जो नुकसान होना था, वह हो चुका है और अब मजबूरी में मांगी गई माफी का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफी वही मायने रखती है, जो दिल से मांगी जाए। अखिलेश यादव ने शासनाधीशों को आगाह करते हुए कहा कि हठ हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विचार, वक्तव्य और व्यवहार लगातार असंवैधानिक रहा है। सत्ता के नशे में चूर संविधान-विरोधी भाजपा अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।



सेंसेक्स 81857.48
निफ्टी 25175.40



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# बड़े उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरते हुए प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा के बाद बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता का समापन हो गया है।



इसमें 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं को यूरोपीय संघ के देशों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में इसमें करीब 996 अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 81,088.59 अंक और ऊपर 82,084.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,175.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रही तेजी से भी शेयर बाजार को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 27 पैसे की बढ़त में 91.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। धातु, बैंकिंग, आईटी और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर भी चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। ट्रेंट, इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर तीन फीसदी से अधिक टूटा। कमजोरी तिमाही परिणाम से एशियन पेंट्स में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही। इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। टाइटन और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट रही।

# निजीकरण के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने दी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया, तो देशभर में तात्कालिक 'लाइटनिंग एक्शन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं। फेडरेशन ने मल्टी-लाइसें. सिंग, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग, पीपीपी मॉडल और ठेकेदारीकरण का विरोध करते हुए इसे बिजली व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया। एआईपीईएफ ने सरकार से बिल वापस लेने, निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि यदि सरकार ने संवाद नहीं किया तो बिजली आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# एयरबस के भारतीय हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन 'आने वाले सप्ताहों में'

**नई दिल्ली, वार्ता**

विमान एवं हेलीकॉप्टर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी एयरबस के कर्नाटक में बन रहे एच125 हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन फरवरी-मार्च में संभव है। फ्रांस की कंपनी एयरबस ने सोमवार को साल 2025 के प्रदर्शन की मुख्य बातें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अपनी विस्तार योजना के तहत वह कर्नाटक के वेमागल में एच125 हेलीकॉप्टर के लिए फाइनल असेम्बली लाइन लगा रही है। इसके लिए साल 2025 में काम शुरू हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है, आने वाले सप्ताहों में उद्घाटन इसका उद्घाटन किया जाना है। यह एच125 हेलीकॉप्टर के लिए दुनिया में एयरबस का चौथा संयंत्र होगा, जो भारतीय बाजार के प्रति एयरबस की प्रतिबद्धता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दिखाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के एक प्रवक्ता ने दो. हराया कि उद्घाटन के बारे में 'आने वाले सप्ताहों में' और जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से पहले हेलीकॉप्टर की डिलिवरी साल 2027 में होने की उम्मीद है। एयरबस ने बताया है कि साल 2025 में उसे 544 हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर मिले जो नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पचास देशों से 205 ग्राहकों से ये ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने साल के दौरान 392 हेलीकॉप्टरों की डिलिवरी की। साथ ही ड्रोनों के ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो ईवेन ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा पर कंपनी का फोकस अपने उच्चतम स्तर पर है। साथ ही ड्रोन की बढ़ रही मांग को पूरा करने में कंपनी अग्रणी है।

# अलंकार अग्निहोत्री के निलंबन से उप्र में प्रशासनिक हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा अब उत्तर प्रदेश सरकार के साथ टकराव का रूप ले चुका है।

गणतंत्र दिवस के दिन कथित तौर पर 'ब्राह्मण अस्मिता' और यूजीसी नियमों के विरोध में इस्तीफा देने वाले अग्निहोत्री को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है, जिससे प्रदेश की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार देर रात अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार उनका सामान ट्रक के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। निलंबित अधिकारी को शामली जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन शामली में उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए बरेली मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में अग्निहोत्री की सोशल मीडिया गतिविधियों, राजनी. तिक टिप्पणियों और सेवा आचरण नियमों के कथित उल्लंघन की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से इस बात की जांच की जा रही है कि किसी सेवारत अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के बहिष्कार की अपील करना, क्या गंभीर कदाचार या देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

सूत्रों के मुताबिक यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो अलंकार अग्निहोत्री को सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विवादित मामलों में सरकार अक्सर औपचारिक जांच पूरी होने तक अधिकारी का इस्तीफा स्वीकार नहीं करती, जिससे संबंधित अधिकारी न तो सक्रिय सेवा में रहता है और न ही पूरी तरह सेवा मुक्त हो पाता है। इस बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दिए गए कथित 'बड़े प्रस्ताव' और कई ब्राह्मण संगठनों के समर्थन ने अटकलों को और हवा दे दी है कि अलंकार अग्निहोत्री भविष्य में सामाजिक या धार्मिक भूमिका में उभर सकते हैं। उनके 'त्याग' के नैरेटिव को समाज के एक वर्ग का समर्थन मिलता दिख रहा है। निलंबन और सरकारी आवास खाली किए जाने के बावजूद अग्निहोत्री अपने रुख पर अडिग बताए जा रहे हैं। उनसे जुड़े लोगों के अनुसार उनका कहना है कि चूंकि उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, इसलिए निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कथित तौर पर कहा है कि वे अपने 'मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत' की रक्षा के लिए हर परिणाम भुगतने को तैयार हैं।

# आर्थिक विकास के सरकार के आंकड़े जमीनी हकीकत के विपरीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आर्थिक विकास को लेकर जो आंकड़े पेश करती रही है वह जमीनी हकीकत के विपरीत है और खुद उसके आर्थिक सलाहकार का कहना है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का आंकड़ा ढाई प्रतिशत ज्यादा बताया गया है।

पार्टी ने कहा है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिन गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी जातियां बताया था और विकास प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकताएं देने का दावा किया था लेकिन उनकी बेहतरी की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन राजीव गौड़ा तथा रिसर्च और मॉनिटरिंग विभाग के प्रमुख अमिताभ दुबे ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जीडीपी के जो आंकड़े देश के सामने पेश कर रही है, वह जमीनी सच्चाई से बहुत दूर है। सरकार की गत जुलाई से सितम्बर में जीडीपी की विकास दर 8.3 प्रतितश थी और महंगाई दर 0.5 प्रतिशत बताई, लेकिन सवाल है कि देश में ऐसा कौन सा परिवार होगा, जिसका बजट सालाना 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर ए आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि सरकार ने मंहगाई को खत्म कर दिया है। वास्तविक स्थिति बताती है कि आंकड़ों के हिसाब से जमीनी हकीकत एकदम भिन्न है। उन्होंने कहा कि विकास दर बढ़ने की बात हो रही है, लेकिन रूपया एशिया की सबसे खराब करेंसी बन चुका है। इसका कारण ये है कि एफडीआई और पोर्टफोलियो फ्लो दोनों बाहर जा रहे हैं। नेट फ्लो नेगेटिव हो गया है। हर साल करीब पांच हजार करोड़पति देश छोड़ रहे हैं और वो अपना पैसा भी लगातार बाहर खींच रहे है। सवाल है- अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी है, तो ऐसा क्यों हो रहा है, मगर आजतक इन सवालों का जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन इसके नियमों में जो बदलाव किए गए हैं और अब लोगों को पहले की तरह इसका लाभ नहीं मिलेगा। मनरेगा में पहले केंद्र 90 प्रतिशत पैसा देता था, लेकिन अब 60 प्रतिशत देगा। इसी तरह पहले मनरेगा हर ग्रामीण इलाके में उपलब्ध था, वो अब नहीं होगा और मनरेगा पहले डिमांड के हिसाब से चलता था, अब बजट के हिसाब से चलेगा। बड़ा बदलाव यह है कि पहले इसकी प्लानिग ग्राम सभा करती थी, लेकिन अब अफसरशाही के मुताबिक इसकी योजना बनाई जाएगी। एक तरफ देश में असमानता बढ़ रही है, पूंजीपतियों का धन बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीबों को राहत देने के लिए जो कुछ योजनाएं चल रही थीं, उन्हें भी सरकार खत्म करने पर तुली है। युवाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए नौकरियां कहां हैं।

### पीएमकेवीवाई की विफलता उजागर हुई

अप्रैल-सितम्बर 2025 में युवा श्रम बल की भागीदारी 42.0 प्रतिशत से गिरकर 41.3 प्रतिशत रह गई और युवा रोजगार 35.8 प्रतिशत से घटकर 35.2 प्रतिशत हो गई है। उक्त अवधि तक युवा बेरोजगारी 15 प्रतिशत तक बढ़ गई थी और शहरी इलाकों में यह 18.4 फीसदी हो गई थी।

इंटर्नशिप को उन्होंने कांग्रेस से मिला आईडिया बताया, लेकिन कहा कि गत नवम्बर के अंत तक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत केवल 2,066 इंटर्नशिप पूरी हुई, जिनमें से केवल 95 को नौकरी के प्रस्ताव मिले। इसी तरह से भारत कौशल रिपोर्ट में केवल 54.81 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं। कौशल विकास के लिए कैग की रिपोर्ट पीएमकेवीवाई की कार्यप्रणाली को एक शानदार विफलता के रूप में उजागर करती है।

# सर्विस पिस्टल छीन कर चलाई थी गोली ,मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस और यूपी पुलिस की संयुक्त टीमों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद फिरोजाबाद से कई मामलों में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक लूटी हुई सरकारी पिस्टल ,तीन खाली कारतूस , एक स्कूटर और एक मोबाइल फोन, एक खाली कारतूस बरामद किया है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 22.जनवरी को, लगभग 02:20 बजे , बीट ऑफिसर हेड कांस्टेबल राजकुमार गश्त ड्यूटी पर था तो उसे एक राहगीर से पार्क में जंगल क्षेत्र के अंदर दो संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर, उन्होंने दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पाया। पूछताछ करने पर उन्होंने उसकी सर्विस पिस्टल छीन कर उस पर गोली चला दी। पुलिस अधिकारी बाल-बाल बच गए।

इस संबंध में सफदरजंग एन्क्लेव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिमन्यु पोसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, ऐश्वर्या सिंह की देखरेख में एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव मेल्विन वर्गीस,के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

टीमों ने सफदरजंग एन्क्लेव, हौज खास, मालवीय नगर, महरौली आदि क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, साथ ही तकनीकी/इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी का भी इस्तेमाल किया। विश्लेषण के दौरान, एक आरोपी की पहचान अविनाश / जानू, (30) के रूप में हुई, जो पहले दिल्ली भर में लूट और झपटमारी में शामिल था। इस दौरान आरोपी की लोकेशन फिरोजाबाद में मिली।

इसके बाद उक्त टीम ने यूपी पुलिस के साथ गुप्त सूचना पर आरा. पी अविनाश को पकड़ने की कोशिश की तो उसने गोली चला जो एसीपी मेल्विन वर्गीस और इंस्पेक्टर राम कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। इसपर आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी अविनाश को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान, उसने सफदरजंग एन्क्लेव घटना में अपनी भूमिका का खुलासा किया और बताया कि वह अपने साथी वसीम (30) के साथ इस घटना में शामिल था।

## 21,000 करोड़ रुपये के स्मेल्टर विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज ओडिशा में अपने एल्युमीनियम परिचालन के बड़े विस्तार की घोषणा की. कंपनी ने इसके तहत संबलपुर में स्थित अपने आदित्य एल्युमीनियम कॉम्प्लेक्स में 3.6 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाले 21,000 करोड़ रुपये के स्मेल्टर विस्तार की घोषणा की। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने इस बारे में कहा, ''भारत में विनिर्माण के विकास के लिए एकीकरण, मूल्य संवर्धन और स्थिरता आवश्यक हैं. हिंडाल्को के माध्यम से हम एक पूरी तरह से एकीकृत एल्युमीनियम इकोसिस्टम बना रहे हैं, जो अपस्ट्रीम संसाधनों से लेकर उच्च-मूल्य वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों तक फैला हुआ है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सतीश पाई ने कहा, ''संबलपुर में एफआरपी का विस्तार और स्मेल्टर का विकास हमारी एकीकृत अपस्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम विकास रणनीति का उदाहरण है।

# इंदिरा गांधी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तारः डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंदिरा गांधी अस्पताल (आईजीएच), द्वारका में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की प्रत्येक नागरिक को सुलभ, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

नवीन विस्तार के तहत अस्पताल में डायलिसिस सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए डायलिसिस बेड और मशीनों की संख्या 35 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इससे मरीजों का प्रतीक्षा समय कम होगा तथा किडनी रोगियों को त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा।आपात एवं ट्रॉमा मामलों में बेहतर जांच सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेडियोलॉजी (रेडियो निदान) विभाग में 500 उ। एक्स-रे मशीन को स्थापित किया गया है, जिससे मरीजों को तेज एवं सटीक निदान सेवाएं मिलेंगी।

सर्जिकल तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से ऑपरेशन थियेटर (शल्य कक्ष) सेवाओं का समय सुबह 8:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक विस्तारित कर दिया गया है, जिससे अधिक संख्या में सर्जरी संभव हो सकेगी और मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा।इसके अतिरिक्त, एम्स कॉर्नियल रिट्रीवल सेंटर के सहयोग से एचआरसीटी के अंतर्गत कॉर्नियल रिट्रीवल सेवाएं प्रारंभ की गई हैं, जो नेत्रदान को प्रोत्साहित करेंगी तथा कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं को सुदृढ़ बनाएंगी।अस्पताल का ब्रेन हेल्थ क्लिनिक, जिसका शुभारंभ मई 2025 में किया गया था, मस्तिष्क एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। यहां प्रतिदिन लगभग 20ख़30 न्यूरोलॉजी तथा 15-20 मनोचिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श (काउंसलिंग) से जुड़े मरीजों को समेकित उपचार प्रदान किया जा रहा है। सिरदर्द, दौरे, स्ट्रोक और व्यवहार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न रोगों का समग्र एवं रोगी-केंद्रित इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जा रहा है। ये सभी पहलें दिल्ली सरकार द्वारा सार्वजनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य अवसंरचना को सशक्त बनाने, विशेषीकृत सेवाओं का विस्तार करने तथा आपातकालीन तैयारियों को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आईजीएच द्वारका में डायलिसिस, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थियेटर और ब्रेन हेल्थ क्लिनिक जैसी सुविधाओं का विस्तार मरीजों को त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेगा। हमारा उद्देश्य केवल अवसंरचना बढ़ाना नहीं, बल्कि संवेदनशील, समग्र और परिणामोन्मुख स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।"

# बवाना में समाज कल्याण मंत्री व गृह मंत्री ने किया जनसंवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह और गृह मंत्री आशीष सूद ने बवाना विधानसभा के दादा-भैया चौपाल में आयोजित जनसंवाद के दौरान स्थानीय लोगों को दिल्ली सरकार की योजनाओं और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

जनसंवाद में स्थानीय नागरिकों से क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं, विकास कार्यों, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दिल्ली सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी नागरिकों को दी गई। इनमें आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधार, छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल विकास कार्यक्रम तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाएं शामिल रहीं। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

समाज कल्याण मंत्री ने बवाना के राजीव गांधी स्टेडियम के पीछे स्थित क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित, हरित एवं आधुनिक पार्क के निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल का आश्वा. सन दिया। प्रस्तावित पार्क में बच्चों, बुजुर्गों एवं युवाओं के लिए उपयुक्त सुविधाएँ विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार ने दिल्ली व ग्रामीण विकास बोर्ड को पुनर्जीवित किया है, जिसके तहत, लगभग 1,715 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 776 विकास परियोजनाएं पर कार्य किया जाएगाद्य इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि जनसंवाद ही सुशासन की सबसे मजबूत नींव है।



**बवाना के दादा-भैया चौपाल में समाज कल्याण मंत्री और गृह मंत्री जनसंवाद करते हुए।**

## एक नजर

### ब्रिजस्टोन ने परमिश वर्मा से मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाब के लोकप्रिय गायक, अभिनेता एवं यूथ आइकॉन परमिश वर्मा के साथ साझेदारी का एलान किया है। यह साझेदारी प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में उपभोक्ताओं के साथ अपने जुड़ाव को मजबूती देने की कंपनी की विशेष रणनीति का हिस्सा है। इस साझेदारी को लेकर ब्रिजस्टोन इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव शर्मा ने कहा, 'उत्तर भारत हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार है। परमिश वर्मा की विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ गहरा जुड़ाव उन्हें ब्रिजस्टोन को रिप्रजेंट करने के लिए आदर्श साथी बनाता है। परमिश वर्मा ने कहा, 'ब्रिजस्टोन एक ऐसा ब्रांड है, जिस पर लोग सुरक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए भरोसा करते हैं। मुझे एक ऐसी कंपनी के साथ जुड़ने का गर्व है, जो गुणवत्ता को महत्व देती है और ग्राहकों को सबसे आगे रखती है।

### डॉ. अरोड़ा को श्री गंगा सभा ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष, कर्मठ समाजसेवक एवं संतों द्वारा गंगापुत्र की उपाधि से सम्मानित डॉ संजीव अरोड़ा का हरिद्वार हर की पौड़ी की संस्था गंगासभा ने ब्रह्मकुंड पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री गंगासभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि डॉ अरोड़ा जो कि मां गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए दिल्ली के प्रत्येक मंदिर में मां गंगा के स्वरूप की स्थापना कर रहे हैं और गत 9 वर्षों से दिल्लीवासियों को अमृत गंगाजल वितरित कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ अरोड़ा ने कहा कि भारत के प्राचीन घाटों में से एक हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड है जहां लाखों करोड़ों श्रद्धालु पिछले कई बरसों से स्नान कर रहे हैं। मैं गंगापुत्र होने के नाते सदैव मां गंगा के प्रति लोगों को जागरूक करता रहूंगा।

### भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक सहभागिता में एक ऐतिहासिक और रणनीतिक उपलब्धि है तथा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है, जिसके तहत भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

यह बात चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कही। खंडेलवाल ने कहा कि यह समझौता यूरोपीय संघख़जो विश्व के सबसे बड़े आर्थिक समूहों में से एक हैख़में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए बाजार पहुंच को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगा तथा भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से और अधिक मजबूती से जोड़ेगा। उन्होंने कहा, "यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती आर्थिक मजबूती, नीति-स्थिरता और सुधार आधारित विकास का स्पष्ट प्रमाण है।

### नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली।** नोएडा सेक्टर-18 स्थित 43 मंजिला वेव वन कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर वैष्णव पिल्लई ने भवन प्रबंधन के एक कर्मचारी पर मारपीट और नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार, 21 जनवरी को उन्होंने खराब फायर अलार्म और एक्सेस कार्ड की समस्या को लेकर शिकायत की थी। आरोप है कि इसके बाद उन्हें बेसमेंट में बुलाकर भवन प्रबंधन कर्मचारी दीपक चौधरी ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय टिप्पणी करते हुए कहा गया-"ज्यादा बोलेगा तो वापस केरल भेज दूंगा।" फिलहाल इस मामले में कोई औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पीड़ित ने यह बात अन्य कर्मचारियों और कार्यालय मालिकों के साथ साझा की है। गौरतलब है कि वेव वन कॉम्प्लेक्स को लेकर पहले भी सुरक्षा और प्रबंधन संबंधी शिकायतें सामने आती रही हैं। अब सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर प्रतिक्रिया तेज है और इंजीनियर समुदाय सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## यूजीसी बिल के विरोध में दिया धरना

**नई दिल्ली।** यूजीसी के नए विधेयक के विरोध में सवर्ण आर्मी ने मंगलवार को आईटीओ स्थित यूजीसी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया। प्रदर्शन की सूचना को देखते हुए यूजीसी मुख्यालय के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और पुलिस ने इलाके में बैरिकेडिंग कर दी। इसके बावजूद सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव शिवम सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग यूजीसी मुख्यालय की ओर बढ़े। हालांकि पुलिस ने उन्हें कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग के पास ही धरना शुरू कर दिया। धरने को संबोधित करते हुए शिवम सिंह ने यूजीसी के नए कानून को "काला कानून" करार देते हुए कहा कि यह सवर्ण समाज के खिलाफ है और इससे समाज के बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा।

# मनोज तिवारी ने किया फिक्स्ड कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने 27 जनवरी को वार्ड-222, रामनगर ईस्ट में फिक्स्ड कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी के अलावा दिल्ली नगर निगम शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के जोन अध्यक्ष पुनीत शर्मा उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मिश्रा सहायक आयुक्त हेमराज मीणा सेनेटरी सुप्रिंटेंडेंन्ट ब्रह्म प्रकाश निगम पार्षद चंद्र प्रकाश शर्मा सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिवेदी भाजपा नेता हरिओम विश्वकर्मा राधेश्याम यादव सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग कूड़ा निस्तारण में लगी मेट्रो बेस्ट कंपनी के अधिकारी राजकुमार श्रीवास्तव और संबंधित सभी निगम के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा उत्तर-पूर्वी दिल्ली में निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान और व्यवस्था को हर संभव सहयोग किया जा रहा है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**नई दिल्ली।** एमसीडी प्राइमरी स्कूल, आर.के. पुरम सेक्टर-8 (दक्षिण जोन), वार्ड-151 में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योत्सना काध्यान के नेतृत्व में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए गए।

बच्चों ने अपने भाषणों के माध्यम से देश की एकता, संविधान के महत्व और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में काउंसलर धर्मवीर सिंह, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नवीन खिरकर तथा आईटीएस अधिकारी सुश्री निधि गहलोत उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ज्योत्सना काध्यान ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षक पूरी निष्ठा से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

# ईएफएक्स इंडिया 2026 का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ए.एस.एम.ई फाउंडेशन इंडिया (एएफआई) के राष्ट्रीय इंजीनियरिंग फेस्टिवल, ईएफएक्स इंडिया 2026 का समापन जयपुर में हो गया। तीन दिन चले इस आयोजन में गहन लर्निंग, इनोवेशन और सहयोग देखने को मिला। इस ईवेंट में हैंड्स-ऑन लर्निंग और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए केरल, ओडिशा, दिल्ली, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित 19 राज्यों से इंजीनियरिंग के 700+ स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

इस इवेंट में विकसित होती हुई टेक्नोलॉजी और व्यवहारिक प्रयोग के सत्रों एवं चुनौतियों के माध्यम से इंटरडिसिप्लिनरी इंजीनियरिंग पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस पहल के बारे में ए.एस.एम.ई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर मधुकर शर्मा ने कहा, भारत को अगर सर्विस इकोनॉमी से एक ग्लोबल 'प्रोडक्ट नेशन' बनना है, तो हमें 'मेक इन इंडिया' से आगे सोचकर 'डिजाइन इन इंडिया' की ओर बढ़ना होगा। ए.एस.एम.ई फाउंडेशन इंडिया की डिप्टी डायरेक्टर, अवनी मल्होत्रा ने कहा, "असली इनोवेशन के लिए सोच और विचारों में विविधता रखना जरूरी है।

ईएफएक्स इंडिया 2026 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले इंजीनियरिंग कॉलेजों के अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



**सांसद मनोज तिवारी रामनगर ईस्ट में फिक्स्ड कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन किया इस वसर पर उत्तरी क्षेत्र के जोन अध्यक्ष पुनीत शर्मा उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।**

# गणतंत्र दिवस पर ऑल इंडिया मुशायरे में गूंजा देशभक्ति व भाईचारे का पैगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानव जागरूकता विकास समिति एवं दिल्ली सरकार द्वारा संचालित उर्दू अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन पूर्वी दिल्ली के शकरपुर स्थित ट्रीपल एस. स्टूडियो में किया गया। कार्यक्रम में गाजीपुर मुर्गा- मछली मंडी, दिल्ली सरकार के पूर्व चेयरमैन भाई मेहरबान कुरैशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि मुशायरे की अध्यक्षता हाफिज सलीम अहमद ने की और मुशायरे की शमा हाजी रियाजुद्दीन अंसारी ने रोशन की। विशिष्ट अतिथियों में दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी, वकार चौधरी, डॉ. एडवोकेट शाहजबीन काजी एवं सैयद फरहत अली प्रमुख रूप से मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष डॉ. मुश्ताक अंसारी और महासचिव हरीश गोला एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में देशभर के मशहूर शायरों ने अपने शानदार कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



मुशायरे में डॉ. अना देहलवी, डॉ. वसीम राशिद, वसीम जहांगीराबादी, सलीम काशिफ, शकील बरेलवी, जावेद नियाजी, तस्लीम दानिश, जरीन सिद्दीकी और रोशन सोहेल आदि शायरों ने देशप्रेम से ओतप्रोत रचनाएं पेश कीं। मंच का कुशल संचालन दानिश अय्यूबी ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि भाई मेहरबान कुरैशी ने कहा कि आज देश में भाईचारे और आपसी सद्भाव को बढ़ाने वाली महफिलों की सखत्त् जरूरत है, क्योंकि कुछ स्वार्थी और शरारती तत्व धार्मिक भेदभाव फैलाकर देश की एकता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली।** शालीमार गार्डन, गरिमा गार्डन एमआर हुंडई, मैन वजीराबाद रोड,साहिबाबाद में स्थित स्वामी नंदलाल जी अस्पताल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस व 22वीं वर्षगांठ पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर अश्विनी कुमार पंडिता ने बताया अस्पताल पिछले 21 वर्षों से शाल. ीमार गार्डन गरिमा गार्डन में अपनी सेवा दे रहा हैं।

गरीब मजदूर लोगों का बहुत ही कम दर पर इलाज कर रहा है जिसमें भर्ती की सुविधा से लेकर एक्स-रे , ईसीजी अल्ट्रासाउंड, डेंटिस्ट व सभी ऑपरेशन जैसे नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन, अपेंडिक्स, हाइड्रोसील, हर्निया, आंतो का ऑपरेशन पित्त की थैली, का ऑपरेशन गुर्दे की पथरी, कैंसर, का ऑपरेशन हड्डियों के ऑपरेशन फिजियोथैरेपी व दांतों की सभी जांच बहुत ही कम दरो पर किए जाते हैं सोमवार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर व अस्पताल की 22वीं वर्षगांठ पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें हड्डियों के डॉक्टर, आंखों के डॉक्टर, पेट के डॉक्टर, छाती के डॉक्टर, आंख नाक कान गले के डॉक्टर, स्त्री रोग विशेषज्ञ,, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, जनरल सर्जरी, शुगर व, हृदय रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ, त्वचा एवं यौन रोग विशेषज्ञ, डॉ. वार्ष्णेय,डॉ. बी.एस यादव, डॉ. डी आर अग्रवाल, डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ कुसुम गुप्ता, डॉ .दीपक पंडित, डॉ ललित जैन, डॉक्टर धर, डॉ. शिवम, सहित ओटी स्टाफ नर्सिंग स्टाफ, सभी डॉक्टरो की टीम निशुल्क शिविर में मौजूद रहे।

## गर्भावस्था के लिए मिलेगा इंश्योरेंस कवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस) ने भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया अभिनव इंश्योरेंस राइडर 'फीटल फ्लरिश' लॉन्च किया है। 1025 के किफायती प्रीमियम पर उपलब्ध यह राइडर गर्भ में किए जाने वाले उपचारों, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं और उन्नत भ्रूण चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह 'माय हेल्थ केयर प्लान' और 'हेल्थ गार्ड' के साथ उपलब्ध है।

परंपरागत मैटरनिटी बीमा जहां डिलीवरी और प्रसवोत्तर देखभाल तक सीमित रहता है, वहीं फीटल फ्लरिश गर्भ के भीतर सबसे संवे. दनशील चरण में अजन्मे शिशु की सुरक्षा पर केंद्रित है।

# आलिम बनने वाले छात्रों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीनी तालीम, तरबियत और इस्लामिक शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से पूर्वी दिल्ली आराम पार्क इलाके में मौजूद मदरसा जामिया उम्मुल कुरा में वार्षिक दस्तारबंदी समारोह का आयोजन हाफिज सलीम अहमद की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दीनी शिक्षा पूर्ण कर आलिम बनने वाले छात्रों की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिल्ली स्टेट जमीयत उलेमा के उपाध्यक्ष मौलाना अब्दुल हन्नान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा मुफ्ती सालिम कासमी, फिक्की के चेयरमैन डॉ. मुश्ताकअंसारी, हाजी मोहम्मद यूसुफ मुफ्ती अहमद, हाजी वसीम अहमद, हाजी दिलशाद अहमद, हाजी अय्यूब, हाजी महताब, सलीम अहमद, मोहम्मद अखलाक, जावेद अनवर समानी आदि ने विशिष्ट अतिथि की हैसियत से शिरकत की। मदरसे के इंचार्ज मौलाना अलकमा के नेतृत्व में आयोजित इस जलसे के मंच का संच. ालन मुफ्ती कलीमुल्लाह द्वारा किया गया। जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना अब्दुल हन्नान ने कहा कि आज के दौर में मदरसों की भूमिका केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि ये संस्थान समाज को नैतिकता, अनुशासन और इंसानियत का संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। हाफिज सलीम अहमद ने बताया कि जामिया उम्मुल कुरा वर्षों से दीनी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देता आ रहा है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण, उपाध्यक्ष का स्पष्ट संदेश

# प्राधिकरण की कार्यप्रणाली सिर्फ अमीरों तक सीमित नहीं, गरीब व कमजोर वर्ग के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया तथा संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का मूल उद्देश्य केवल भवन, सड़कों अथवा योजनाओं का विकास करना नहीं है, बल्कि आम नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि समाज में यह धारणा व्याप्त है कि विकास प्राधिकरण केवल संपन्न वर्ग के हित में कार्य करता है, जबकि इस सोच को बदलना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह बदलाव केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि प्राधिकरण के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के कार्य व्यवहार से परिलक्षित होना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि गरीब, कमजोर, निम्न आय एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को आवास, आधारभूत सुविधाएं एवं विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को अपनी प्रत्येक योजना और निर्णय में जनहित को केंद्र में रखकर कार्य करना होगा।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता, संवे. दनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। इससे न केवल जनता का विश्वास प्राधिकरण पर मजबूत होगा, बल्कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक जन-विश्वास आधारित संस्था के रूप में स्थापित होगा।

कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा राष्ट्र निर्माण में अपने-अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का संकल्प लिया गया।

## एमपीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एम.पी.एस पब्लिक स्कूल जागृति विहार संजय नगर में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल सुनीता जॉनसन के प्रेरणादायक भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने छात्रों को देशभक्ति, एकता और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया। इसके बाद डायरेक्टर आशा त्यागी ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह में छात्रों ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने पूरे माहौल को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। विद्यालय प्रांगण तिरंगे के रंगों से सजा हुआ था और सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राजीव त्यागी व आशा त्यागी, उप प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, स्वदेश शर्मा, साक्षी शर्मा, नीतू बेनीवाल, आनंद वर्मा, उपमा राजपूत, दृश्या शर्मा, भावना सिंह, ललिता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के बीच एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ है। इस पहल से गाजियाबाद जिले को मौसम संबंधी सटीक और वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध होंगे, जिससे शोध, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक प्रतिष्ठित स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है, जो मौसम, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है। इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित होने वाला स्वचालित मौसम केंद्र हवा की गति एवं दिशा, तापमान, आर्द्रता (नमी) और वायुदाब जैसे महत्वपूर्ण मौसमीय मानकों का निरंतर एवं सटीक रिकॉर्ड तैयार करेगा। इन आंकड़ों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अधिक सटीक मौसम पूवार्नुमान संभव हो सकेगा। समझौता ज्ञापन पर डा. केए. मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद के कुलपति प्रो. डॉ. पीएन हृषीकेशा ने भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के परियोजना वैज्ञानिक डॉ. नितिग सिंह सहित अन्य वैज्ञानिकों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ के.एन. मोदी फाउंडेशन के कुलसचिव यूएन मिश्रा, डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. रवि शंकर एवं आशीष मिश्रा उपस्थित रहे।

## एसआरएम में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद में 77वें गणतंत्र दिवस का समारोह अत्यंत उत्साह, गरिमा और राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। ध्वज सलामी एवं राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इसके पश्चात राष्ट्र एवं नागरिकों के कल्याण हेतु प्रार्थना की गई। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ हुआ।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमूल अस्थाना (सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष - परियोजनाएँ, जेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का उनके विशिष्ट सेवाकाल एवं राष्ट्र के प्रति योगदान के लिए सम्मान किया गया। एसआरएम आईएसटी दिल्ली- एनसीआर परिसर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने "सेवा, सुरक्षा और सम्मान- यही सच्ची गणतंत्र भावना है" विषय पर प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में अनुशासन, सेवा और सम्मान के महत्व को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमूल अस्थाना (सेवानिवृत्त) ने गणतंत्र दिवस संबोधन में नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा नागरिकों की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए।

## एक नजर

## नसीब पठान को 70वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड पश्चिम जोन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ राणा के नेतृत्व में पूर्व एमएलसी एवं नेता विधान परिषद स्वर्गीय नसीब पठान की 70वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि दी। इसके लिए शिप्रा सनसिटी इंदिरापुरम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और उनके चित्रपट पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। ऋषभ राणा ने कहा कि स्व. नसीब पठान एक विशाल व्यक्तित्व के स्वामी थे उनको हम हमेशा उनकी उपलब्धियों के साथ याद करते रहेंगे। अपने जीवनकाल को मानव सेवा के लिए समर्पित किया हुआ था और वे हमेशा हमारे दिलो में रहेंगे। इस मौके पर ऋषभ राणा, सुरिंदर राणा, चंदन, जीतेंद्र अरोड़ा, कोमल, सुनीता राणा, सौरभ कुमार, रवि, कनिष्क पवार, जुगल किशोर उपस्थित रहे।


## आईटीएस के छात्रों ने मनाया जरूरतमंद बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की एक सीएसआर पहल के तौर पर - परिवर्तन क्लब ने साहिबाबाद इलाके में जरूरतमंद बच्चों के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर पीजीडीएम (2025-27 बैच) के छात्रों अजितेश, अभय, वंश, प्रज्ञा, एकता, प्रियांशु और अभिषेक ने बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। छात्रों ने बच्चों को अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बताया ताकि बच्चे उनसे परिचित हो सकें। उन्होंने बच्चों के लिए कुछ मेमोरी गेम्स भी करवाए। इसके बाद भारतीय नागरिकों के मूलभूत अधिकारों के विषय में बताया गया। इस दौरान बच्चों के लिए एक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें इच्छुक बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने देशभक्ति के गानों पर डांस किया और देशभक्ति कविताएँ सुनाईं। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को इनाम दिए गए। गणतंत्र दिवस उत्सव के आखिर में बच्चों को मोती-चूर के लड्डू और नमकीन मट्ठी बाँटे गए। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ आर. पी. चड्डा तथा उपाध्यक्ष अर्पित चड्डा ने छात्रों द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## उत्तराखंड जन कल्याण समिति द्वारा मनाया गया उत्तरेणी मकरेणी कौथिक महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तराखंड जन कल्याण समिति इंद्रप्रस्थ द्वारा दो दिवसीय उत्तरेणी मकरेणी कौथिक महोत्सव मनाया गया। टीला मोड़ के पास् लोनी स्तिथ इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के सेंट्रल पार्क में समिति के द्वारा प्रोग्राम किया गया। उत्तराखंड समाज समाज की विभिन्न-विभिन्न संस्थायें/ समितियां कमेटिया/ दिल्ली: NCR में रह रहे लाखों प्रवासी सामाजिक/ राजनीतिक/ समाजसेवी /अन्य सभी समाज के प्रति समर्पित लोग सहयोगी संस्थायें ये आप लोगो की तपस्या ओर अटूट मेहनत है आज दिल्ली:/ NCR/ में सैकड़ों जगहों पर विशालकाय उत्तरेनी/ मकरेनी/ महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाए जाते है। सफल सुंदर भव्य कार्यक्रम के लिए इंद्रप्रस्थ कॉलोनी उत्तराखंड जनकल्याण समिति अध्यक्ष समान जित. ेंद्र देवलियाल। भूपेंद्र नयाल उनकी पूरी कार्यकारिणी इंद्रप्रस्थ की समस्त सम्मानित जनता बधाई की पात्र है। इस अवसर पर हरिपाल रावत/ सलाहकार/ पुर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उत्तराखंड, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर एस-एन डंगवाल/ अनिल पन्त/ सुरेश जीना/संजय दरमोडा/ जय सिंह रावत/ विनोद सती/ क्षेत्रीय पार्षद/ विधायक, जगत सिंह बिष्ट पुर्व महापौर प्रत्याशी आदि उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वैलफेयर एसोसिएशन व खत्री सभा ने फहराया गया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वैलफेयर एसोसिएशन और खत्री सभा की ओर से तिरंगा झंडा फहराया गया। जिसमें राष्ट्रहित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। पहलगाम ब बांग्लादेश में मारे गए हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी गई। शंकराचार्य व सरकारी शासन प्रशासन के बीच चल रहे विवाद को समाप्त करने के लिए सरकार से मांग की गई शंकराचार्य का अपमान व उनके छोटे छोटे शिष्यों को चोटी पकड़कर घसीटने का विरोध प्रकट किया गया। इस अवसर पर इटवा के चेयरमैन महेश आहूजा, अध्यक्ष एस.पी त्यागी, राकेश जैन, स्वतंत्र चौधरी, बलदेव सिंह, गुरमीत सिंह, हिमांशु जैन, शिवकुमार, अशोक शर्मा, रमेश शर्मा, शिवकुमार अरोरा, विजय अरोरा, रिचा सूद, संदीप मेहरोत्रा आदि सम्मानित देशभक्त उपस्थित रहे।

## अर्बन आरोग्य चिकित्सालय का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस के मौके पर वार्ड नंबर 69 के सी-ब्लॉक लोहिया नगर में पार्षद कुलदीप त्यागी के प्रयास से अर्बन आरोग्य मंदिर चिकित्सालय का शुभारंभ पार्षद कुलदीप त्यागी जी एवं क्षेत्रवासियों द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व उत्तर रेलवे बोर्ड सदस्य प्रदीप त्यागी, डॉक्टर शुभम यादव, डॉक्टर हिना चौहान, पंडित हरिशंकर शास्त्री, आरडब्यूए अध्यक्ष राकेश जैन जी, दीपक त्यागी, एमएल वर्मा, धीर सिंह यादव, जावेद खान ,राजनगर मंडल मंत्री अंकित त्यागी, प्रभु सरदार सुजीत सिंह, दिनेश चंद्र, यशपाल बजाज, राजबीर सिंह मुकेश त्यागी,दिनेश त्यागी, आर.सी. शर्मा, राजीव सिंह, रुपेश त्यागी, राकेश जी,अमित जी परमजीत सिंह , शुक्ला, सुभाष माथुर, हरिओम त्यागी, एसएन श्रीवास्तव, रामेश्वर त्यागी, रमेश छिब्बर, उमेश त्यागी कुमार, अजीम खान, तस्लीम, शुभम कुमार, इरफान एवं समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सिल्वरलाइन में स्थापना दिवस के अवसर पर 'स्पोर्ट्स डे' का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल ने अपने स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक बहुआयामी कार्यक्रम का हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजन किया गया। यह उत्सव संस्कारों और आधुनिकता के उस अनूठे समन्वय का प्रतीक रहा, जो विद्यालय की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता है। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर माननीय चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, 'द फर्स्ट लेडी' बबीता जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन सर 'द सेकंड लेडी' मोनिका जैन, डाइरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन प्रणव जैन सर, प्रधानाध्यापिका डॉ. गीता जोशी और स्कूल प्रबंधन के अन्य सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। स्थापना दिवस का संयोग बसंत पंचमी के पावन पर्व के साथ होने के कारण ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना की गई।

विद्यार्थियों ने मधुर 'सरस्वती वंदना' के माध्यम से विद्या और सद्बुद्धि की प्रार्थना की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'गुड लक हवन' का आयोजन किया गया। पवित्र मंत्रोच्चार के बीच विद्यार्थियों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ आहुतियाँ दीं। हवन के पश्चात: डॉ. सुभाष जैन ने विद्यार्थियों को एकाग्रता और सफलता का आशीर्वाद दिया। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बड़ी महत्वाकांक्षाओं का मार्ग हमेशा ईमानदारी और दृढ़ संकल्प से होकर गुजरना चाहिए। तत्पश्चात् स्पोर्ट्स डे का आगाज हुआ।

विद्यालय बैंड के साथ प्रबंधन समिति ने खेल प्रांगण में प्रवेश किया।प्रबंधन द्वारा धनुर्विद्या के साथ औपचारिक उद्घाटन किया गया। सांस्कृतिक व शारीरिक प्रदर्शन से मैदान पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा। बैंड नृत्य एवं योगके द्वारा शारीरिक लचीलेपन और अनुशासन का अद्भुत संगम बैंड देखने को मिला। स्कोटिंग और चेस डांस के द्वारा गति और बौद्धिक कौशल की कलात्मक प्रस्तुति देखने को मिली। मार्शल आर्ट्स एवं खेल के द्वारा ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, पीटी और जुम्बा के ऊर्जावान प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ऑफिसर सिटी 1 में एओए का चुनाव हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ऑफिसर सिटी 1 मैं एओए के चुनाव हुए और नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, चुनाव मत्स्य अधिकारी ऋचा चौधरी की देख रेख में कराया गया। दो टीम सोसाइटी में चुनाव लड़ी जिसमे विकासशील टीम ने पूर्ण बहुमत से विजय प्राप्त की, सभी 10 सदस्य में से 9 विजयी हुए। उसी के क्रम में आज 25 जनवरी को सभी विजयी सदस्यों का शपथग्रहण गाजियाबाद के डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी की उपस्थिति में हुआ। कार्यकारिणी निम्न प्रकार है: आशीष अवस्थी - अध्यक्ष, अखिल माथुर - उपाध्यक्ष, संतोष भारद्वाज - सेकेट्री , कविता गुप्ता - जॉइंट सेकेट्री, देवाश्वर त्यागी - कोषाध्यक्ष, अमित त्यागी - सह कोषाध्यक्ष, संदीप त्यागी -संरक्षण सदस्य, निशांत श्रीवास्तव -पर्सनल रिलेशन ऑफिसर, विवेक शर्मा - लीगल एडवाइजर, संजीव उपाध्याय - लीगल कॉर्डिनेटर। का पद मिला। इस मौके पर समस्त सोसायटी निवासी तथा विजेता टीम विकासशील के सभी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।




**गाजियाबाद। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के जिला कार्यालय पर गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया गया जहां पर प्रिंस चौधरी और कुलदीप चौधरी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

# सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस में बहुत उत्साह और देशभक्ति के जोश के साथ भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे राष्ट्रीय गौरव और एकता से भरा माहौल बन गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिनमें महेंद्र अग्रवाल, चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, नितिन अग्रवाल, प्रो चांसलर, अखिल अग्रवाल, वाइस चेयरमैन, सुंदरद. ीप एजुकेशनल सोसाइटी; पीयूष श्रीवास्तव, रिटायर्ड आई.जी. (आई.पी.एस.) और प्रो चांसलर (एडमिनिस्ट्रेशन), एसजीयू प्रो. डॉ. प्रसंजीत कुमार, वाइस चांसलर, एसजीयू और डॉ. राजीव रतन, रजिस्ट्रार, एसजीयू शामिल थे।

सभा को संबोधित करते हुए नितिन अग्रवाल ने देश का हिस्सा होने पर आभार व्यक्त किया और छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्रित, अनुशासित और समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. डॉ. प्रसंजीत कुमार ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया, इसे व्यक्तिगत और राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला बताया। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों के उत्साह की सराहना की और उन्हें भारत के संविधान में निहित मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भावपूर्ण देशभक्ति गीत और ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया। इस उत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय गौरव की गहरी भावना पैदा करना और भारत के राष्ट्रीय त्योहारों को गरिमा और भक्ति के साथ मनाने की परंपरा को बनाए रखना था।

यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को राष्ट्र के विकास और प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने में ऐसे समारो. हों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर, उन्होंने गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

# बिना गारंटी 10 करोड़ का लोन, सरकार व सीजीटीएमएसई के बीच समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में छोटे और सूक्ष्म कारोबारियों को मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया गया है। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइसेस) के बीच दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे कारोबारियों की सबसे बड़ी मुश्किल को दूर करना है, ताकि उन्हें बैंक से कर्ज लेने के लिए किसी भी तरह की गारंटी या सिक्योरिटी न देनी पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम न केवल उद्यमियों के लिए पूंजी की राह आसान बनाता है, बल्कि बैंकों के जोखिम को भी कम करेगा, जिससे वे बिना किसी डर के छोटे व्यवसायों को ऋण दे सकें।

उन्होंने कहा कि इस पहल से दिल्ली के व्यापारिक माहौल में सुधार होगा, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे, नए आइडियाज को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था को सभी वर्गों के लिए समावेशी बनाया जा सकेगा।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सीजीटीएमएसई आज पूरे देश में भरोसेमंद संस्था बन चुकी है, जो छोटे कारोबारियों को बिना कुछ सिक्योरिटी रखे लोन दिलाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाखों युवा नए-नए विचारों के साथ स्टार्टअप, उद्योग और सेवा क्षेत्र में काम शुरू करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी।

इस एमओयू के बाद जब उन्हें बिना गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का ऋण मिल सकेगा।मुख्यमंत्री ने योजना की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत कर्ज की पूरी जिम्मेदारी सरकार और संस्था मिलकर उठाएंगे। जब कोई उद्यमी लोन लेगा तो उसका 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा सीजीटीएमएसई कवर करेगा, जबकि बचा हुआ 5 से 20 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली सरकार अपनी तरफ से सुरक्षित करेगी।

## हिट एंड रन मामले में वाहन ने युवक का चेहरा कुचला

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक हिट एंड रन मामले में एक राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को रात पौने आठ बजे होलंबी कलां और होलंबी खुदर्द के बीच में झंडा चौक पर बने यूईआर-2 बवाना सेक्टर-5 से होलंबी फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर एक एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि यहां पर एक एक्सिडेंट हुआ है। भीड़ काफी लगी हुई है। शायद लडका मर चुका है। उसके काफी खून निकल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक की उम्र करीब 30 साल थी। मगर उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। जिसके चेहरे को कुचला हुआ था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस आसपास के लोगों और थाना पुलिस से संपर्क करके शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है। शुरूआती जांच में मृतक के शरीर पर भी कोई ऐसा टैटू जैसी चीज नहीं मिली,जिससे उसकी पहचान में सहायता मिल पाए।

# फरार गैंगस्टर गिरफ्तार 20 मामलों में था वांछित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो साल से फरार चल रहे अंतरराज्यीय गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली और हरियाणा में हत्या, डकैती, अपहरण, लूट, आर्म्स एक्ट और दुष्कर्म जैसे 20 से अधिक संगीन मामलों में वांछित था। वह कुख्यात कृष्ण गहटा गैंग का सक्रिय सदस्य है और कई मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा भी घोषित किया जा चुका था। पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहतक हरियाणा निवासी रविंदर देसवाल उर्फ छोटा उर्फ भांजा उर्फ बोरी (35) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच से द्वारका एक्सप्रेसवे स्थित टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने मंगलवार को बताया कि फरार गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कवच 12.0 के तहत क्राइम ब्रांच को एक अंतरराज्यीय अपराधी के बारे में पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जिसने चार सप्ताह तक दिल्ली और हरियाणा के कई इलाकों में लगातार छानबीन की। टीम ने गुरुग्राम, सोनीपत और रोहतक में करीब 25 ठिकानों की जांच की और तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपित की लोकेशन ट्रैक की। इस बीच पुलिस को पता चला कि आरोपित गुरुग्राम में छिपकर रह रहा था और पहचान छिपाने के लिए दूसरों के नाम पर मोबाइल फोन इस्तेमाल कर रहा था।

वहीं पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, रविंदर देसवाल वर्ष 2018 में अपने 11 साथियों के साथ सोनीपत में 32 लाख रुपये की डकैती के मामले में गिरफ्तार हुआ था। करीब दो साल पहले जेल से बाहर आने के बाद उसने जमानत की शर्तें तोड़ दीं और फरार हो गया। इसके बाद से वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपित के खिलाफ दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट, दुष्कर्म और पोक्सो जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। कई मामलों में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट और धारा 83 सीआरपीसी के तहत कुर्की के आदेश भी जारी हो चुके थे।

## चालान के नाम पर 2.49 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्जी ट्रैफिक चालान के नाम पर साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जालसाज डर और जल्दबाजी का माहौल बनाकर लोगों को झांसे में लेते हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप या ई-मेल से आने वाले ये संदेश सरकारी नोटिस जैसे दिखते हैं। लेकिन असल में ये फर्जी पेमेंट पेज तक ले जाते हैं। जहां एक क्लिक में बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग को एक संदेश मिला कि 500 का ट्रैफिक चालान बकाया है। यह संदेश उनकी पत्नी के फोन पर एक अनजान नंबर से आया और उसमें भुगतान का लिंक था। संदेश को सही मानकर उन्होंने लिंक खोला और क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने की कोशिश की। शुरुआती भुगतान सफल दिखा, लेकिन कुछ ही देर में 2,49,246.61 (जिसमें विदेशी मुद्रा सऊदी रियाल में लेनदेन भी शामिल था) कट गए।

# बारिश व सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड के बीच हो रही बारिश ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह से बदल दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पहले ही दिल्ली के मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई थी, और 27 जनवरी के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया था। मंगलवार की सुबह कोहरे और धुंध के साथ हुई, जिसके बाद तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को फिर से दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली है। तेज हवाओं के साथ शुरू हो गई है। बारिश का यह दौर दिनभर रुकरुक कर जारी रहा। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए चेतावनी जारी की।

इस दौरान मध्यम से भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई। बीते कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद एक बार फिर बारिश और आंधी-तूफान जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने सुबह ही राजधानी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान के कई इलाकों में तेज आंधी, गरज-चमक, बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई थी।



**दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई ( क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइसेस ) के बीच दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।**

# ज्वेलरी शॉप पर हमला लाइसेंसी रिवॉल्वर समेत आरोपित दबोचा

**नई दिल्ली।** शाह बाद डेयरी थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी शॉप पर हुए हमले और हथियारबंद झगड़े के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 6:34 बजे शाहबाद डेयरी थाना पुलिस को बी-ब्लॉक इलाके में झगड़े और मारपीट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसआई सतीश के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तब तक घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपित को मौके पर मौजूद ड्यूटी स्टाफ ने पकड़ लिया था। घायल की पहचान 25 वर्षीय प्रकाश सोनी के रूप में हुई है, जो शाहबाद डेयरी का निवासी है और अपने पिता के साथ "राकेश ज्वेलरी" नाम से दुकान चलाता है। हमले में प्रकाश सोनी के सिर के दाहिने हिस्से में गंभीर चोट आई है, जो किसी भारी कुंद वस्तु से वार के कारण बताई जा रही है।

## पड़ोसी ने चेहरे पर ब्लेड से वार किया

**नई दिल्ली।**समयपुर बादली इलाके में भाई को बचाने की कोशिश में आरोपी ने छोटे भाई के चेहरे पर ब्लैड से जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया घायल युवक की पहचान कमल के रूप में हुई। वह परिवार के साथ जीवन पार्क,सिरसपुर इलाके में किराये पर रहता है। कमल ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम करीब सवा सात बजे मार्किट से पत्नी के साथ घर जा रहा था। भाई अनिल के साथ पड़ोस में रहने वाला नरेश किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहा था। वह तुरंत बीच बचाव करवाने गया। नरेश ने गाली देकर बोला कि वह पहले तुझे ही देखता हूँ।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी में दो को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने ने दो साइबर अपराधियों को भागलपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से धोखाधड़ी की गई 2,35,000 रुपए की नकदी, अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल और अन्य संबंधित दस्तावेज बरामद किए है। आरोपियों ने नेट बैंकिंग के जरिए बैंक अकाउंट से गैर-कानूनी तरीके से 5,81,775 रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की थी। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि उत्तरी पूर्वी जिले के रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर साइबर थाने के तहत के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात साइबर धोखेबाजों ने नेट बैंकिंग के जरिए उसके बैंक अकाउंट से गैर-कानूनी तरीके से 5,81,775 रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है।

# स्कूटी से हुई टक्कर तो जमकर पीटा, दो घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर थाना क्षेत्र के गौतमपुरी इलाके में सड़क पार करने के दौरान हुई मामूली टक्कर ने हिंसक रूप ले लिया।

स्कूटी सवार तीन युवकों और 2 लड़कों के बीच शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। हालात तब बिगड़े जब स्कूटी सवारों ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया और फिर दोनों युवकों पर लाठी डंडों, बल्लों से हमला कर दिया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित 38 वर्षीय इश्तियाक और 28 वर्षीय इखलाक इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित एक बेकरी की दुकान में काम करते हैं। बताया गया कि 26 जनवरी की शाम करीब छह बजे दोनों शौच के लिए गए थे और लौटते वक्त सड़क पार कर रहे थे, तभी स्कूटी सवार तीन लड़कों से उनकी टक्कर हो गई। शुरू में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन कहासुनी के बाद स्कूटी सवार वहां से चले गए और कुछ ही देर में भारी संख्या में लोगों को साथ लेकर लौटे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने न सिर्फ सड़क पर मारपीट की, बल्कि दोनों को खदेड़ते हुए बेकरी की दुकान में घुस गए और वहां भी बेरहमी से पीटा। डंडों और बल्लों से किए गए हमले में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। अफरा-तफरी के बीच आसपास के लोग सहमे रहे और किसी तरह पुलिस को सूचना दी गई।

# बुजुर्ग को ऑटो में बंधक बनाकर लुटा, एक को किया गिरफ्तार

- **गला दबाकर एटीएम का पिन नंबर उगलवाया और खाते से 33 हजार रुपये निकाल लिए।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अक्षरधाम मंदिर के पास ऑटो गैंग ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग को बंधक बनाकर लूट लिया, गला दबाकर एटीएम का पिन नंबर उगलवाया और खाते से 33 हजार रुपये निकाल लिए।

वारदात के दौरान राहगीरों की सतर्कता काम आई, जिन्होंने शक के आधार पर ऑटो रोककर चालक को दबोच लिया, जबकि उसके दो साथी नकदी और एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पांडव नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कनछिद सिंह बुलंदशहर के मथुरा नांगल गांव के रहने वाले हैं और अंबाला में दर्जी का काम करते हैं। शनिवार को वह अंबाला से बस से कश्मीरी गेट पहुंचे और बुलंदशहर जाने के लिए आनंद विहार बस अड्डे का रास्ता पूछकर एक ऑटो में बैठे। ऑटो चालक उन्हें सरायकाले खां ले गया, जहां उसने अपने दो परिचितों को ऑटो में बैठा लिया। अक्षरधाम के पास पहुंचते ही बदमाशों ने जबरन 38 हजार रुपये छीन लिए। एक आरोपी ने पीछे से गला दबाया, दूसरे ने जेब से एटीएम कार्ड निकालकर हत्या की धमकी दी और पिन पता कर लिया। इसके बाद ऑटो की रफ्तार धीमी कर बुजुर्ग को नीचे फेंकने की कोशिश की गई। इसी दौरान राहगीरों ने ऑटो में संदिग्ध हरकतें देखीं और वाहन रुकवाकर चालक को पकड़ लिया। मौके का फायदा उठाकर उसके दोनों साथी भाग निकले और बाद में एटीएम से 33 हजार रुपये निकाल लिए। पकड़े गए चालक की पहचान सीलमपुर निवासी इम्तियाज के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर फरार साथियों की शिनाख्त शुरू कर दी है और उनकी तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। इलाके में ऑटो गैंग की सक्रियता को लेकर पुलिस सतर्क है और पीड़ित के बयान के आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ी जोड़ी जा रही है।

# उधार के रुपये किए वापिस फिर भी किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में एक व्यक्ति को उधार के रुपये भी वापिस देना भारी पड़ गया। आरोपियों ने पहले गाली गलौच की फिर उसपर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता निरंजन परिवार के साथ स्वतंत्रता नगर इलाके में रहता है। वह गत्ता कबाड़ का कारोबार करता है। उसने कुछ समय पहले अपने एक जानकारी प्रवीण से 75 हजार रुपये उधार लिये थे। बीते शनिवार शाम करीब तीन बजे गौंडा रोड स्वतंत्रता नगर स्थित एक गली में मौजूद था। सरस्वती पूजा का भंडारा खाकर वापिस अकेला घर की तरफ निकल रहा था। प्रवीण अपने कुछ साथियों के साथ उसके पास आया और उधार दिये रुपये मांगने लगा। उसको उसी वक्त 75 हजार रुपये वापिस कर भी दिये थ। प्रवीण का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उसने और उसके साथियों ने गाली गलौच करके उसकी बुरी तरह से साथियों के साथ पिटाई की। जब वह किसी तरह से वहां से भागने लगा। तीनों ने उसको जबरन पकड़कर उसको लात घुसे मारकर पीट पीटकर अधमरा कर दिया। वह किसी तरह से वहां से भागकर अपने घर आया। पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची उसको लेकर सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल ले गई।



**दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह के साथ शाहबाद डेयरी में जर्जर स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए।**

# शिक्षा मंत्री ने जर्जर स्कूल भवन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह के साथ मंगलवार को शाहबाद डेयरी में जर्जर स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान आशीष सूद ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2020 में आम आमदी पार्टी (आआपा) की सरकार द्वारा बनाए गए खराब इंफ्रास्ट्रक्चर की कीमत आज मासूम बच्चे चुका रहे हैं। लाल स्कूल, शाहबाद डेयरी की इमारत को "डेंजरस" घोषित कर दिया गया।

सूद ने कहा कि बच्चों को असुरक्षित बिल्डिंग में पढ़ाना उनके शिक्षा और सुरक्षा के लिए बड़ा सवाल खड़ा करता है। एक प्रशासन के तौर पर जो भी जिम्मेदारी निभानी थी, दिल्ली सरकार ने उसे ईमानदारी से निभाया है। सभी बच्चों को शिफ्ट करना और बिल्डिंग का निरीक्षण कराना जरूरी कदम था। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए बच्चों की जान का जोखिम कौन उठाएगा? इस लिए सरकार लगातार बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक और मंत्री इंद्रराज भी पहले कई बार इस जगह का दौरा कर चुके हैं। जुलाई महीने में इस स्कूल के लगभग 5,000 बच्चों को रोहिणी के एक दूसरे स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया था, जो अपने आप में परेशानी का सबब है।

# फर्जी भर्ती विज्ञापनों को लेकर एम्स ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** फर्जी भर्ती विज्ञापनों को लेकर एम्स ने लोगों को आगाह किया है। इस संबंध में संविदा भर्ती के विज्ञापनों को फर्जी करार दिया है। एम्स के अनुसार, उसके नाम से फर्जी और अनधिकृत भर्ती विज्ञापन एवं आवेदन पत्र प्रसारित किए जा रहे हैं। इसमें तीन वर्षों के लिए संविदा भर्ती और संदर्भ संख्या 2329 जैसे भ्रामक विवरण दिए जा रहे हैं जो पूरी तरह असत्य हैं। एम्स ने स्पष्ट किया है कि संस्थान द्वारा संदर्भ संख्या 2329 के तहत कोई भी भर्ती विज्ञापन या आवेदन पत्र जारी नहीं किया गया है। एम्स सीधे हस्तलिखित या ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से संविदा पदों पर भर्ती नहीं करता। एम्स में संविदा कर्मियों की भर्ती केवल सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से चयनित अधिकृत आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा ही की जाती है। एम्स मीडिया सेल की प्रमुख डॉ. रीमा दादा ने कहा कि प्रसारित विज्ञापन पूरी तरह से फर्जी और असत्य है। एम्स किसी भी व्यक्ति, एजेंट या निजी एजेंसी को भर्ती के नाम पर आवे. दन पत्र, शुल्क, डिमांड ड्राफ्ट या व्यक्तिगत दस्तावेज एकत्र करने के लिए अधिकृत नहीं करता है। अगर किसी से एम्स के नाम पर शुल्क या नियुक्ति का आश्वासन मांगा जाता है तो वह पूरी तरह धोखाधड़ी है।

## टैक्सी चालक को डंडे से पीटकर बेहोश किया

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में कार में म्यूजिक बजने को लेकर हुए विवाद में कार चालक को डंडों से पीट पीटकर बेहोश तक कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल चालक सतीश कुमार परिवार के साथ बादली एक्सटेंशन,गांव बादली इलाके में रहता है। वह टैक्सी चलाया करता है। रात साढ़े 12 बजे उसने गुरुग्राम से चार लडकों लेकर पीतमपुरा स्थित एक सोसाइटी में छोड़ा था। घर जाते वक्त एक बजकर 50 मिनट पर वह रोहिणी सेक्टर-18 स्थित एक कैफे के सामने सिगरेट पीने के लिये सडक पर ही रूक गया। उसकी कार में म्यूजिक बज रहा था। पास ही कार पर शराब रखकर चार लडके शराब पी रहे थे। जो कार में म्यूजिक चलने पर विरोध कर रहे थे। चारों इसका विरोध करने लगे। वह कुछ समझ पाता। चारों ने उसके साथ हाथापाई करनी शुरू कर दी। एक लडके ने अपनी कार से डंडा निकालकर लाया और उसको सडक पर गिराकर उसके सिर और हाथ आदि पर वार करके उसको पीट पीटकर बेहोश कर दिया।

# राष्ट्र निर्माण में एनसीसी कैडेटों की अहम भूमिका: महानिदेशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट में चल रहे एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में एनसीसी के चुनिंदा पूर्व कैडेटों को आमंत्रित किया गया। एनसीसी एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा आमंत्रित किए गए देश भर के 11 पूर्व एनसीसी कैडेटों को एनसीसी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कॉलर पिन और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।एनसीसी महानिदेशक ने इन पूर्व कैडेटों से बातचीत करते हुए राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका बताई। उन्होंने एनसीसी की वर्तमान और भविष्य की योजनाओं पर भी इन पूर्व कैडेटों से बातचीत की। इन 11 पूर्व कैडेटों में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन की वाइस चांसलर डॉ प्रज्ञा पाल. ीवाल गोड, वरिष्ठ पत्रकार और एनसीसी एलुमनी क्लब के अध्यक्ष गिरीश निशाना, एसडीएम राजेंद्र कुमार, संस्कृति मंत्रालय के डॉ जित. ेंद्र कुमार, गृह मंत्रालय के देवेंद्र यादव, राष्ट्रपति अवार्डी कलाकार रूपचंद, सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट प्रियदर्शी राहुल, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से कर्ण कपूर, डेंसो इंडिया के प्रबंधक सौम्य राय, इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक निखिलेश चंद्रा, रॉयल बैंक ऑफिस स्कॉटलैंड के उपाध्यक्ष सुधीर सिंह सिसोदिया शामिल रहे।

# जल जीवन मिशन को लेकर योगेन्द्र प्रसाद ने रखा सशक्त पक्ष

**नई दिल्ली।** आईसीआरखपूसा में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा National Workshop on Policy Dialogue on Operation & Maintenance of Rural Water Supply Infrastructure, का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के सभी राज्यों के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायत राज विभाग के मंत्रिगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

झारखंड सरकार की ओर से इस कार्यशाला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के माननीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो, विभाग के अपर मुख्य सचिव मस्तराम मीणा एवं जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर रमेश घोलप ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत झारखंड राज्य में योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, उपलब्धियों एवं



चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु आवश्यक सहयोग पर अपना पक्ष रखा।

जल जीवन मिशन के तहत झारखंड में योजनाओं की स्थिति मंत्री ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत झारखंड राज्य में कुल 97,535 ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से 62.53 लाख ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल -जल कनेक्शन के जरिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है। राज्य में अब तक 56,474 योजनाएँ भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं तथा लगभग 55 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को एफएचटीसी से आच्छादित किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी व्यापक एवं महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच वित्तीय सहयोग की निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार से झारखंड राज्य को लगभग 6,270 करोड़ की राशि अभी लंबित है। केंद्रीय अंश की इस लंबित राशि की उपलब्धता से शेष योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, कार्यरत योजनाओं की निरंतरता बनाए रखने तथा संचालन एवं रख-रखाव व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि देश के सीमित राज्यों में ही इस प्रकार की समग्र संचालन एवं रख-रखाव नीति लागू की गई है, जिनमें झारखंड अग्रणी राज्यों में शामिल है। इस नीति के तहत एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों द्वारा तथा बहु-ग्रामीण योजनाओं का संचालन संबंधित समितियों के माध्यम से किया जाएगा।

# 'बेहद खराब' श्रेणी के करीब पहुंची हवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हवा की गुणवत्ता एक बार फिर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 281 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले राजधानी में शुक्रवार मौसम में हुए बदलाव के साथ हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने के चलते लोगों को प्रदूषित फिजा से राहत मिली थी। हवा मध्यम श्रेणी में पहुंच गई थी। शनिवार को 192 तो रविवार को 152 एक्यूआई दर्ज किया गया था। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली के अलीपुर में 362, आनंद विहार में 362, अशोक विहार में 348, आया नगर में 230, बवाना में 309, बुराड़ी में 309, और चांदनी चौक इलाके में 319 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

डीटीयू इलाके में 313, द्वारका सेक्टर-8 में 312, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 188, आईटीओ में 312, जहांगीरपुरी में 367, लोधी रोड में 184, मुंडका में 314, नजफगढ़ में 223, नरेला में 286, पंजाबी बाग में 337, आरकेपुरम में 317, रोहिणी में 359, सोनिया विहार में 332, विवेक विहार में 356, और वजीरपुर में 363 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

**जल जीवन मिशन को योगेन्द्र प्रसाद महतो ने रखा सशक्त पक्ष**

# पुलिस लाइन में यादगार बना 77वां गणतंत्र दिवस

## पुलिस लाइन में परेड, ध्वजारोहण, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

**हापुड़।** 77वें गणतंत्र दिवस-2026 के पावन अवसर पर पुलिस लाइन हापुड़ में देशभक्ति, अनुशासन और उत्साह से सराबोर भव्य आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानंजय सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में परेड, ध्वजारोहण, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे हापुड़ एवं पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानंजय सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और जवानों की सलामी ली। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की शपथ दिलाई गई। परेड के दौरान पुलिस बल की सुसंगठित टुकड़ियों ने अनुशासन और प्रशिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को गौरवान्वित किया। परेड के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा चिन्ह पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर जवानों के चेहरे पर गर्व और उत्साह की झलक साफ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान कर्मियों को और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का माहौल तब और जीवंत हो उठा जब विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरे परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों की गूंज सुनाई देती रही। समारोह के अंत में अधिकारियों ने सभी नागरिकों से संविधान के मूल्यों का पालन करने, एकता और अखंडता बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आहवान किया। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि हापुड़ जनपद देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना में अग्रणी है।



## यूजीसी बना 'काला कानून', दुष्यंत कुमार का बड़ा हमला, सड़कों पर उतरने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूजीसी के विरोध को लेकर जिले में माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर युवाओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में एबीवीपी के पूर्व छात्र नेता दुष्यंत कुमार ने यूजीसी को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे जनहित विरा. ेधी बताया और तत्काल संशोधन की मांग की।

दुष्यंत कुमार ने कहा कि यूजीसी मौजूदा स्वरूप में एक काला कानून बन चुका है, जिससे सामान्य वर्ग के युवाओं का शोषण होना तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इससे शिक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यूजीसी में शीघ्र संशोधन नहीं किया गया और जनरल तबके को उसका अधिकार नहीं मिला तो युवा वर्ग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि युवा अपने हक के लिए संघर्ष करना जानते हैं और जरूरत पड़ी तो व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। दुष्यंत कुमार ने यह भी कहा कि सरकार को जनता की आवाज सुननी चाहिए और युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यूजीसी में आवश्यक सुधार नहीं होंगे, तब तक विरोध का सिलसिला जारी रहेगा।




## गणतंत्र दिवस पर उमड़ा देशप्रेम, राष्ट्रसेवा को बताया सर्वोच्च कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, उत्साह और गरिमा से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा एवं प्रो चांसलर डा. अंकित शर्मा ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से पूरा परिसर देशप्रेम के रंग में रंग गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा ने कहा कि देश की सेवा प्रत्येक नागरिक की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। सीमाओं पर तैनात हमारे सैन्य बल विषम परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा का मजबूत कवच बने हुए हैं। शहीदों और उनके परिजनों का त्याग अतुलनीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी निभाने और सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देने का आहवान किया। प्रो चांसलर डा. अंकित शर्मा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना सौभाग्य की बात है। किसी भी विकसित देश की नींव मजबूत शिक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं पर टिकी होती है। जीएस विश्वविद्यालय इन दोनों क्षेत्रों में गुणवत्ता और विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। इससे संस्थान में कार्य के प्रति उत्साह और प्रतिबद्धता को नई ऊर्जा मिली। रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। छात्रों और कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक एस. एन. सिंह ने किया। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों को सकारात्मक ऊर्जा और मानवीय मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम बताया। समारोह में डीन डा. प्रदीप गर्ग, मुख्य अस्पताल प्रशासक एस. कुमार, मनोज शिशोदिया, सुमित सिंह, नवनीत भारद्वाज, भावना सिंह सहित अनेक संकाय सदस्य, अधिकारी, चिकित्सक, छात्र और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अंत में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सिम्स में धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। तिरंगे के शान से फहराते ही राष्ट्रगान की गूंज ने वातावरण को राष्ट्रीय गौरव से सराबोर कर दिया। आयोजन ने संविधानिक मूल्यों, एकता और जिम्मेदार नागरिकता के संदेश को मजबूती से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. बरखा गुप्ता, जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. मेजर जनरल सी. एस. अहलुवालिया, एचआर मैनेजर एल. रुबावथी, वित्त प्रमुख डी. सरवनन तथा नैक मेंटर डा. वत्त. ेरीसेलवन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने तिरंगे को नमन कर राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का संकल्प दोहराया। प्राचार्य डा. बरखा गुप्ता ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहा. सिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संविधानिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में उतारने का आहवान किया। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. मेजर जनरल सी. एस. अहलुवालिया ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विद्यार्थियों को मानव सेवा के लिए समर्पण, करुणा और पेशेवर ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी भव्य बना दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम का समापन संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और एक सशक्त, आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ के साथ हुआ। पूरे परिसर में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की गूंज सुनाई दी।



## एसएसवी पीजी कॉलेज में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को एसएसवी पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित जनपदस्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण, नुक्कड़ नाटक और रील प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत माह के प्रथम सप्ताह में विद्यालय स्तर से हुई थी, जो ब्लॉक और तहसील स्तर से होते हुए जनपद स्तर तक पहुंची। यहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 30 जनवरी को मंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मंडल स्तर के विजेता प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा उच्च शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी डक्क जीनत जैदी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक नवीन सिंह, प्रवक्ता डा. संगीता अग्रवाल सहित विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने अपने प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, मोबाइल से दूरी, तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। साथ ही हिट एंड रन सोलेशियम स्कीम, कैशलैस स्कीम और राहवीर योजना सहित परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य नवीन सिंह ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प लिया।



## सुरक्षा को लेकर एसपी व जनप्रतिनिधियों की बैठक में बनी कार्ययोजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याएं, ट्रैफिक व्यवस्था, अवैध गतिविधियों, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध और रात्रि गश्त को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अपराध रोकथाम के लिए जनसहयोग बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, पुलिस-पब्लिक संवाद को मजबूत करने तथा त्योहारों और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पुलिस और अधिक प्रभावी तरीके से काम करेगी, ताकि आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में सक्रिय रहते हुए शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गोष्ठी के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।



### एक नजर

## अवैध चाकू के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने पशु चोरी की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त को ग्राम नवांदा नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार थाना सिम्भावली में पंजीकृत बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रिजवान पुत्र इकबाल कुरैशी निवासी मोहल्ला दर्जीयान, दर्जीयान मस्जिद के निकट, कस्बा शाहजहांपुर, थाना किठौर, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध चाकू बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम हरौड़ा निवासी अफजाल पर छुरा मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त फैसल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना सिम्भावली पुलिस के अनुसार बीएनएस में वांछित अभियुक्त की तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पचासे वाले पुल से ग्राम रौड़ा की ओर जाने वाले रास्ते से अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फैसल पुत्र फसाहत निवासी ग्राम हरौड़ा, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## यूजीसी कानून के खिलाफ युवा और अधिवक्ताओं ने किया संयुक्त प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूजीसी कानून को लेकर जिले में विरोध का माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम खून से पत्र लिखकर अपनी नाराजगी व्यक्त की और इसके साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कानून पर पुनर्विचार की मांग की। संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि यह कड़ा कदम सरकार का ध्यान आकर्षित करने और आमजन की भावनाओं को शीर्ष स्तर तक पहुंचाने के लिए उठाया गया। उनका कहना है कि यूजीसी कानून उच्च शिक्षा की स्वायत्तता को प्रभावित करेगा, जिसका प्रत्यक्ष असर छात्रों और युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी इला प्रकाश ने ज्ञापन प्राप्त कर उच्चाधिकारियों तक इसे पहुंचाने का आश्वासन दिया। धौलाना में भी यूजीसी कानून के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर कानून पर पुनर्विचार की मांग दोहराई। इस विरोध प्रदर्शन से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा और तूल पकड़ सकता है और जिले में युवा वर्ग में इस पर भारी रोष देखा जा रहा है।

## मारपीट में प्रयुक्त 315 बोर तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ग्राम अटूटा में घटित मारपीट और झगड़े की गंभीर घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा (315 बोर) बरामद किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

थाना प्रभारी के अनुसार बीएनएस के तहत अभियुक्त की लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अल्लीपुर मुगलपुर मार्ग से ग्राम उपैडा की ओर जाते समय आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वीरेन्द्र सिंह पुत्र ब्रहमानन्द, निवासी ग्राम अटूटा, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जाएगा और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।



## कलैक्ट्रेट सभागार में सेवा का संदेश, 72 दिव्यांगजनों को दिए सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलैक्ट्रेट सभागार में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने कर-कमलों से जनपद के 72 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान ट्राइसाइकिल, एडीएल किट, व्हीलचेयर, बैसाखी सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान कर लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता को लेकर लगातार प्रभावी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दें और किसी पर निर्भर न रहें। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि सभी को मिलकर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, उपजिलाधिकारी सदर ईला प्रकाश, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ऋचा गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनीता मण्डार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक होता दिखाई दिया।



## ध्वजारोहण से लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक, देव नन्दिनी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी 2026 को देव नन्दिनी अस्पताल एवं देव नन्दिनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हापुड़ परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ हापुड़ के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. प्रेम चंद शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित डॉक्टर्स, अधिक. ारीगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि डा. प्रेम चंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से संविधान में निहित कर्तव्यों का पालन करने और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का आहवान किया। देव नन्दिनी अस्पताल के चेयरमैन एवं देव नन्दिनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रेसिडेंट डा. श्याम कुमार ने संविधान निर्माताओं, विशेषकर डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि उनका अथक परिश्रम हमें विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान प्रदान करने में सक्षम हुआ। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर डा. विमलेश शर्मा ने युवाओं और विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आहवान किया। डा. शिव कुमार ने उपस्थित जनों से आहवान किया कि संविधान का सम्मान करें, कर्तव्यों का पालन करें और देश की एकता-अखंडता बनाए रखें।

समारोह के अंत में डक्क श्याम कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर डा. प्रवीण कुमार, डा. परवेज, संजय त्यागी, दुष्यंत त्यागी, नैयर जी, मुकेश पंडित, दीपक चौधरी, शुभम शर्मा, प्रिंस त्यागी, एस. जी. शर्मा, दानिश, संतोष कुमार, ममता त्यागी, प्रियंका, शाहरुना सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## हापुड़ में बैंकिंग सेवाओं पर ब्रेक, 50 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आहवान पर सभी सरकारी बैंक कर्मियों और अधिकारियों ने जोरदार हड़ताल की। इस वजह से जिले की लगभग 125 बैंक शाखाएं बंद रहीं, जिससे करीब 50 करोड़ रुपए का लेन-देन प्रभावित हुआ।

हड़ताल का केंद्र यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक, गढ़ रोड शाखा रहा, जिसकी अध्यक्षता यूनियन नेता मनोज भारद्वाज ने की। नेताओं ने बताया कि पिछले पांच दशकों में उनकी सभी मांगें न्यायसंगत रही हैं और भारतीय बैंक संघ ने उन्हें स्वीकार कर लागू किया है। जिला कोऑर्डिनेटर आर. के. माहेश्वरी ने कहा कि इस बार भारतीय बैंक संघ ने पांच दिवसीय साप्ताहिक बैंकिंग कार्य दिवस को मंजूरी दी है और इसे सरकार के समक्ष संस्तुति के लिए भेजा गया। लेकिन केंद्रीय वित्त समिति और श्रम आयुक्त की बैठकों में इस पर अभी सहमति नहीं बन रही है और मामला टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय पिछले तीन महीनों से यूनियन की कई मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी कारण यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने एक माह पहले 24 घंटे की हड़ताल का निर्णय लिया था, जिसे आज पूरी तरह लागू किया गया। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों और कार्य परिस्थितियों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि जब तक उनकी वैध समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन की चेतावनी जारी रहेगी।

## सर्वोदय पब्लिक स्कूल में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**मथुरा।** सरस्वती विद्या और राष्ट्रप्रेम के संगम का साक्षी बना सर्वोदय पब्लिक स्कूल, ओंक. ारेश्वर कॉलोनी, मथुरा, जहाँ 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जाट महासभा, मथुरा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृ तिक कार्यक्रमों एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृ ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मथुरा के जाने-माने उद्योग. पति दिलीप चौधरी आदि रहे।

**NAME CHANGE**
I Adil S/o Naushad Ali Residing at House No.311, Village and Post Galand Tehsil Dhaulana Distt. Hapur state Uttar Pradesh have changed my name from Adil and I shall hereafter be known as Adil Saifi for all future purposes.

# बदला मौसम का मिजाज, गरज के साथ बारिश



### बढ़ी ठंड, तीन दिन तक छाएंगे बादल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली। नोएडा के कई हिस्सों में सुबह से रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। सुबह करीब साढ़े 9 बजे के बाद करीब 12 बजे तेज बारिश हुई। आसपास के इलाकों में बादल छाए हुए हैं।

रात तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में जहां बर्फबारी हो रही है तो नोएडा में बारिश हो रही है। आईएमडी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से हल्की बारिश, गरज और तूफानी हवा चल रही है। 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड तक से हवा चल रही है। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक एनसीआर में बादल छाए रहने की संभावना है।

बादल छाए रहने के अलावा सुबह के समय धुंध रहने की संभावना भी जताई गई है। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है जबकि अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आने से एक बार फिर लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा।

## इस मौसम में पहली बार ओले गिरे और प्रदूषण का स्तर बढ़ा

**नोएडा।** शहर में मंगलवार को दिनभर रुक-रुक हुई बारिश हुई। कई स्थानों पर ओले भी पड़े। इसके बावजूद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह खराब श्रेणी में था। शहर में सुबह ही हल्की बारिश शुरू हो गई थी। सेक्टर-122, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर-125, 116 समेत कई स्थानों पर शाम को बारिश के साथ ओले पड़े। कई स्थानों पर लोगों ने ओले लेकर वीडियो भी बनाए। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान जारी नहीं किया। अगले छह दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। नोएडा का एक्यूआई 331 और ग्रेटर नोएडा का 304 रहा। सोमवार के मुकाबले में नोएडा के एक्यूआई में 112 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 82 अंक बढ़ा। अगर बारिश नहीं होती तो दोनों शहरों का एक्यूआई 400 के पार जा सकता था। नोएडा में सेक्टर-116 और ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क फाइव सबसे प्रदूषित स्थान रहे। पांच दिनों के बाद दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में पहुंचा। इससे पहले 22 जनवरी को एक्यूआई 300 के पार दर्ज किया गया था। बुधवार से प्रदूषण कम होने की संभावना है।

# चार लोगों की एक्सीडेंट में मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। डीएसपी दीपक मीणा ने बताया कि कार में 5 श्रद्धालु सवार थे। सभी उज्जैन (एमपी) में महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे थे।

मृतकों में नोएडा के रहने वाले राहुल गुप्ता (35), पारस अग्रवाल (35), प्रिंस गुप्ता (23) और विक्रम सिंह (30) शामिल हैं। कार की सबसे पीछे की सीट पर बैठे बृजमोहन गुप्ता को मामूली चोटें आई हैं। घायल ने पुलिस को बताया कि टक्कर के बाद भी ट्रक चालक ने वाहन नहीं रोका और कार को काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पापड़दा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात बहाल कराया। कुछ समय के लिए सड़क पर लंबा जाम भी लग गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**परिजनों को दी गई जानकारी:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# सगाई समारोह में विवाद, वाहनों में तोड़फोड़

### जेवर में रास्ता रोकने पर झगड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के कस्बा जेवर स्थित मोहल्ला सल्लियान में सोमवार रात एक सगाई समारोह के दौरान विवाद हो गया। गली में वाहन खड़े करने को लेकर हुए इस झगड़े में कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सल्लियान निवासी कुंवरपाल पुत्र शेर सिंह के यहां उनके बेटे की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के चलते गली और सड़क पर बड़ी संख्या में वाहन खड़े कर दिए गए थे, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया था। इसी दौरान मोहल्ले के ही नितिन उर्फ दरिया पुत्र लोकेश और शिवकुमार उर्फ शिवा ने रास्ता खाली कराने के लिए वाहन हटाने को कहा। आरोप है कि वाहन न हटाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही गाली-गलौज और विवाद में बदल गई। इसके बाद आरोपियों ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मौके पर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना जेवर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है। इसके बाद आरोपियों ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मौके पर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना जेवर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ दरिया और शिवकुमार उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

## मारपीट मामले में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और सुरक्षाकर्मी पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-41 स्थित आरडब्ल्यूए कार्यालय के पास नाबालिग से मारपीट और इसके बाद विरोध करने पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। भारत चंद्र ने पुलिस को शिकायत दी कि वह 24 जनवरी की दोपहर करीब तीन बजे सेक्टर-41 स्थित आरडब्ल्यूए कार्यालय के पास से गुजर रहे थे। वहां तीन लोगों ने करीब आठ वर्षीय बच्चे को पकड़ रखा था। बच्चे के गाल लाल थे और वह रो रहा था। उन्होंने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि बच्चे पर चोरी का आरोप है। इसी वजह से उसे पीटा गया और कार्यालय में बंद कर दिया गया। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरडब्ल्यूए पदाधिकारी केशव शर्मा नाराज हो गए और उनके साथ मौजूद लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उनको जबरन पकड़ लिया। कुछ देर बाद केशव शर्मा का बेटा और अन्य आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि केशव शर्मा, उनके बेटे और दो सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। उनको कार्यालय परिसर में जबरन बैठाकर रखा और लगभग एक घंटे तक वहां से जाने नहीं दिया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस और उनके परिजनों के पहुंचने के बाद उन्हें छोड़ा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और सभी आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### युवराज मेहता मौत मामला, तीन बिल्डरों की जमानत पर आज सुनवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गिरफ्तार तीन बिल्डरों की जमानत पर आज कोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट दोपहर तीन बजे के बाद बिल्डरों को जमानत देने या उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने पर फैसला सुनाएगा। यह मामला ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में एक इमारत के निर्माण के दौरान हुई दुर्घटना से जुड़ा है, जिसमें सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई थी। कोर्ट के फैसले का सभी को इंतजार है, क्योंकि यह मामले की दिशा तय करेगा।

### आम्रपाली ड्रीम वैली-2 के खरीदारों ने शुरू किया आमरण अनशन

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेनो वेस्ट के आम्रपाली ड्रीम वैली-2 प्रोजेक्ट के खरीदारों ने मंगलवार से आमरण अनशन शुरू किया है। खरीदार सीपेज, लिफ्ट, फ्लैट हैंडओवर, सड़क आदि जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिलने से परेशान है। उनका आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी एनबीसीसी कोई कदम नहीं उठा रहा है। अब मांग पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा। खरीदारों ने बताया कि हर फ्लैट में सीपेज की समस्या है। सीपेज की समस्या का समाधान करने की स्पष्ट तकनीकी योजना होनी चाहिए। उसमें जिम्मेदार का नाम, समय सीमा भी दी जाए। टावरों की लिफ्ट चालू नहीं है। सभी टावरों की लिफ्ट चालू करने और मरम्मत का रोडमैप दिया जाए।अधूरी सुविधाओं के बीच ही फ्लैट पर कब्जा दिया जा रहा है। जबकि सभी सुविधा के साथ लिखित अनुपालन रिपोर्ट दी जाए। प्रोजेक्ट के नक्शे के आधार पर सभी सड़कों का मानकों के तहत निर्माण किया जाए। ई और एफ ब्लॉक में सुविधा और कब्जा देने की स्थिति साफ की जाए। खरीदारों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बाद एनबीसीसी और अन्य जिम्मेदारों की तरफ से केवल आश्वासन मिलता है। परेशान होकर आमरण अनशन शुरू किया है।खरीदार हरीश्याम ठाकुर मांग पूरी होने तक आमरण अनशन पर रहेंगे। जबकि अन्य खरीदार भी उनका साथ दे रहे हैं। प्रोजेक्ट के स्कूल परिसर में आमरण अनशन चल रहा हैं।

### नोएडा-ग्रेनो के बीच वैकल्पिक मार्ग शीघ्र शुरू करने की कवायद

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच एक और वैकल्पिक मार्ग को जल्द शुरू करने की तैयारी है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने मंगलवार को नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर बन रहे पुल और एप्रोच रोड का जायजा लिया और ग्रेटर नोएडा में एप्रोच रोड के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन को और आसान बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थ्री से नोएडा के सेक्टर 146-147 के बीच हिंडन नदी पर पुल का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके दोनों तरफ एप्रोच रोड नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बनवा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है, जिसे बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। प्राधिकरण इसे शीघ्र बनाने के लिए प्रयासरत है। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा की तरफ एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि पुल शुरू होते ही लोग इस वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही कर सकें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने मंगलवार को एप्रोच रोड का जायजा लिया और इस कार्य को देख रहे वर्क सर्किल-5 की टीम को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि अब तक 50 फीसदी कार्य हो चुका है। शेष कार्य पूरा होने में छह माह का समय लगेगा। हिंडन पर पुल का निर्माण ब्रिज कार्पोरेशन की निगरानी में चल रहा है। पुल तैयार होने में इतना ही समय लगने की उम्मीद है, तब तक नोएडा की तरफ एप्रोच रोड भी बन जाएगी और इस मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बन जाने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। परी चौक पर वाहनों का दबाव भी कम होगा।

# कैफे संचालक से मारपीट, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा के इकोटेक 3 थाना क्षेत्र में एक साइबर कैफे संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

कैफे संचालक मनीष कुशवाहा ने एक वीडियो वायरल कर बताया कि 22 जनवरी को कुछ लोग उनके कुलेसरा स्थित साइबर कैफे में घुस आए। उन्होंने मनीष के साथ मारपीट की और उसे गाड़ी में बिठाकर ले गए। मनीष का आरोप है कि आरोपियों ने खुद को एसटीएफ का बताकर गोली मारने और जेल भेजने की धमकी दी, साथ ही पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर नोएडा पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी, जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया।

सेंट्रल नोएडा के एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विवाद मार्कशीट में सुधार को लेकर हुआ था, जिसमें कुछ गलती हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित द्वारा लगाए गए एसटीएफ बताकर फिरौती मांगने जैसे अन्य आरोपों को बेबुनियाद बताया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कुछ लोग कैफे के अंदर आकर संचालक को खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### हाइड्रोजन बस संचालन पर सुझाव लिए

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा, यमुना सिटी और आगरा तक हाइड्रोजन बसें चलाने के लिए नियम-शर्तों को लेकर कंपनियों ने अपने सुझाव दिए। उन्होंने राजस्व बंटवारे पर भी राय दी। इन सुझावों को टेंडर में शामिल किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द बस ऑपरेटर का चयन कर संचालन शुरू किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण की एनटीपीसी के साथ मिलकर हाइड्रोजन बसें चलाने की तैयारी है। एनटीपीसी ने बसें मंगा ली हैं। हाइड्रोजन का भी इंतजाम कर लिया है। अब ऑपरेटर की तलाश की जा रही है। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने आरएफपी निकाली। दो दिन पहले इसको लेकर प्रीबिड मीटिंग हुई। इसमें बस का संचालन करने वाली कंपनियों से सुझाव मांगे गए। मीटिंग में तीन कंपनियों ने सुझाव दिए। कंपनियों ने राजस्व बंटवारे को लेकर आपत्ति जताई।

# यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में बनेगा अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइसेज पार्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और इन्वेस्ट यूपी की पहल पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मेडिकल डिवाइसेज पार्क के अंतर्गत शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड को 10 एकड़ भूमि का आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) प्रदान किया। इस अवसर पर यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र भाटिया सहित शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मेडिकल डिवाइसेज पार्क में स्थापित होने वाला यह संयंत्र विश्व की अत्याधुनिक एवं जीवनरक्षक चिकित्सा तकनीकों के निर्माण का केंद्र बनेगा।

यहां बोरोन न्यूट्रॉन कैप्चर थेरेपी जैसी उन्नत तकनीक का उत्पादन किया जाएगा, जिसे जटिल कैंसर रोगों के उपचार में क्रांतिकारी माना जाता है। परियोजना के तहत रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग उपकरणोंख्रसीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनोंख्रका निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही एनेस्थीसिया सिस्टम, आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर के लिए आवश्यक रेस्पिरेटरी केयर उपकरण भी विकसित किए जाएंगे।

मेडिकल डिवाइसेज पार्क में हृदय रोगों के उपचार से जुड़े इम्प्लांट्स जैसे हार्ट वाल्व, स्टेंट्स और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइसेज (स्टा।क) का भी निर्माण होगा। वहीं वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे रेस्पिरेटरी सपोर्ट उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस परियोजना का एक प्रमुख आकर्षण मेडिकल रोबोटिक सिस्टम्स का विकास है। इनमें सॉफ्ट टिश्यू सर्जिकल रोबोट, ऑर्थोपेडिक, डेंटल और न्यूरो-स्पाइन रोबोटिक सिस्टम्स शामिल होंगे, जो शल्य चिकित्सा में सटीकता और सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यहां इन-विट्रो डायग्नोस्टिक उपकरण, पॉइंट-ऑफ-केयर टेस्टिंग डिवाइसेज, उन्नत एनालाइजर्स और मेडिकल सिमुलेटर्स भी तैयार किए जाएंगे।

# सामाजिक भेदभाव की आग में घी डालने का काम करेगा यूजीसी एक्ट 2026 : पंडित रवि शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष, नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने यूजीसी एक्ट 2026 को संविधान विरोधी एवं मूल अधिकारों का हनन करने वाला और समाज को तोड़ने वाला बताते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह तय है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यूजीसी के नए नियम तनाव बढ़ाने का कारण बनेंगे। जांच समिति का गठन इस आधार पर होना चाहिए कि क्या कोई छात्र किसी दूसरे छात्र को परेशान कर रहा है, ना कि केवल सवर्ण छात्रों की जांच पड़ताल के लिए। प्रताड़ित कोई भी किसी को कर सकता है, चाहे वह पिछड़ा हो या सामान्य। यहां न्याय का तराजू बिल्कुल बराबर रखा जाना चाहिए बस। शैक्षिक संस्थानों को जातिगत विभाजन से मुक्त रखा जाना चाहिए और वहां केवल छात्र की पहचान हो ना कि जाति या वर्ग की। लेकिन यूजीसी की इक्विटी कमेटी एवं इक्वल अपारच्युनिटी सेंटर्स से जुड़े प्रावधान व्यवहार में समता के स्थान पर एक तरफा संरचना का निर्माण कर रहे हैं। जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ संस्थागत असमानता उत्पन्न होने की आशंका है। उन्होंने मांग की है कि इन समितियों में सामान्य वर्ग का अनिवार्य प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, जिससे निर्णय प्रक्रिया संतुलित, पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। श्री शर्मा ने कहा कि नियम सभी छात्रों पर समान रूप से लागू किए जाए, किसी भी जाति या वर्ग को ना तो विशेष अधिकार मिले और ना ही किसी को पूर्वाग्रह के आधार पर संदेह की दृष्टि सें देखा जाए। साथ ही झूठी दुर्भावनापूर्ण एवं प्रेरित शिकायतों पर स्पष्ट एवं कठोर दंडात्मक प्रावधान जोड़े जाएं ताकि शैक्षिक संस्थानों में भय, असुरक्षा अविश्वास का वातावरण न बने। शैक्षणिक संस्थान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। देश पहले से ही आरक्षण, धर्म, जाति, भाषा, रंगभेद आदि में बंटा हुआ है। और अब यूजीसी एक्ट 2026 इस भेदभाव की आग में घी डालने का काम करेगी। यदि सरकार ने इस एक्ट में बदलाव नहीं किया तो सवर्ण समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा और उसकी जिम्मेदार राज्य सरकार और केंद्र सरकार होंगी।

## विदेश में शिफ्ट होंगे युवराज के पिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की बहन और जीजा यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहते हैं। उन्हें भारत आने का वीजा मिल गया है। दोनों के इस सप्ताह भारत पहुंचने की संभावना है। हादसे के बाद से ही युवराज की बहन भारत आकर अपने भाई को अंतिम विदाई देना चाहती थीं, लेकिन वीजा संबंधी औपचारिकताओं के कारण देरी हो रही थी।

परिजनों के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही युवराज की बहन गहरे सदमे में चली गई थी। लगातार प्रयासों के बाद अब उन्हें और उनके पति को वीजा मिल गया है। परिजन उम्मीद जता रहे हैं कि युवराज की बहन के भारत पहुंचने के बाद वह सभी मिलकर उसकी आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वहीं, युवराज की मौत के बाद से उसके पिता राजकुमार मेहता अकेले पड़ गए हैं। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। इस कारण कई रिश्तेदारों के अलावा खुद युवराज की बहन ने पिता को यूके बुलाने के लिए कहा है। हालांकि, युवराज के पिता की ओर से इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। युवराज के चाचा और अन्य परिजन अभी भारत में रहते हैं।

**एसआईटी की जांच पूरी, कार्रवाई का इंतजार:** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में एसआईटी की जांच पूरी हो गई है। टीम शनिवार देर रात मेरठ लौट गई। प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट एसआईटी को सौंप दी। अब कार्रवाई का इंतजार है। उधर, कार्रवाई में हो रही देरी से युवराज के परिजन और शहरवासी नाखुश हैं।

# नोएडा प्राधिकरण में एक हफ्ते बाद कामकाज पटरी पर लौटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक सप्ताह बाद नोएडा प्राधिकरण में कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो गया। सेक्टर-150 में हुई इंजीनियर की मौत के मामले में एसआईटी की जांच के चलते दफ्तर में आम लोगों के प्रवेश पर रोक थी। अधिकारियों के व्यस्त रहने के कारण कामकाज ठप पड़े थे। मंगलवार को दफ्तर खुलने पर काफी संख्या में लोग पहुंचे और अधिकारियों से भेंटकर अपने काम कराए। इंजीनियर की मौत के मामले के बाद शासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी।

एसआईटी ने एक सप्ताह पहले मंगलवार को प्राधिकरण के दफ्तर में आकर जांच शुरू की। मंगलवार से गुरुवार तक प्राधिकरण दफ्तर में लोगों का प्रवेश दिया गया। इसके बावजूद अधिकारियों के ठीक ढंग से नहीं बैठ पाने के कारण लोगों को परेशानी हुई। शुक्रवार को प्राधिकरण दफ्तर पूरी तरह आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया। शनिवार-रविवार को प्राधिकरण की छुट्टी रहती है। ऐसे में बीते सप्ताह लोगों के प्राधिकरण से जुड़े काम नहीं हो पाए। लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। मंगलवार को प्राधिकरण दफ्तर खुलने पर अधिक संख्या में लोग पहुंचे। हालांकि, बारिश की वजह से लोगों को आने में परेशानी हुई। सेक्टर-23 में रहने वाले संजीव खत्री ने बताया कि उन्होंने अपने मकान के नक्शे के लिए आवेदन कर रखा है। पिछले सप्ताह दो बार आया, लेकिन अधिकारियों के न मिलने से काम नहीं हो सका। अब अधिकारियों से मिलकर आया हूं। सेक्टर-72 में रहने वाले हरीश सिंह ने बताया कि तीन चक्कर काटने के बाद आवासीय विभाग से एक फ्लैट की एनओसी आज मिली है।

# खतरनाक स्थानों पर हादसे रोकने के उपाय करें: सांसद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में सर्वाधिक सड़क हादसे वाले चिह्नित 152 स्थानों की रिपोर्ट रखी गई। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट समाप्त करने के लिए प्रभावी योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने वर्ष 2021 से 2025 तक जनपद में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट और वहां किए गए सुधारात्मक कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में 152 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि इन ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें। ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए आवश्यक सड़क अभियान्त्रिकी उपाय जैसे स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, दिशा सूचक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं।

जिले की ओर से राष्ट्रीय और राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव भेजने को कहा। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सड़क सुरक्षा कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर इमरजेंसी लेन के निर्माण, गति सीमा की समय-समय पर समीक्षा और यातायात शांत करने वाले उपायों को सख्ती से लागू करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण सतीश पाल, डीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सियाराम वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ उदित नारायण पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन सहित आदि शामिल रहे।

**प्राधिकरणों से रिपोर्ट तलब:** सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को निर्देश देते हुए ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों में तेजी लाने को कहा। पूर्व में चिन्हित दुर्घटना ब्लैक स्पॉट पर अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरणों की जवाबदेही तय करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय में पूरे कराए जाएं।

**घायलों का कैश लेस इलाज होगा:** बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए पैनल अस्पतालों में घ्1.5 लाख तक की कैशलेस उपचार योजना संचालित है। सांसद ने निर्देश दिए कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को इसके संबंध में जानकारी दी जाए, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता मिल सके।।

**स्कूली वाहनों की जांच होगी:** बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। तय किया गया कि सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सीसीटीवी, जीपीएस, प्रशिक्षित चालक एवं सहायक स्टाफ की उपलब्धता और चालकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। नगर और ग्राम पंचायत स्तर पर यातायात पार्क सह प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने तथा आमजन को सड़क सुरक्षा अभियानों से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# महिला ने घरेलू कलह के चलते की फांसी लगाकर आत्महत्या

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र की कृष्ण एनक्लेव कॉलोनी में एक महिला ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला ने अपने दुपटे से फांसी का फंदा बनाया और उस पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचित किया। महिला को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में यह मामला घरेलू कलह से जुड़ा बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि परिवार में कुछ दिनों से आपसी मनमुटाव चल रहा था, जिसके







चलते महिला काफी तनाव में थी। इसी तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया। कोतवाली पुलिस अधिकारी पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गढ़ी दुल्ला गांव में को रालोद की सभा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** क्षेत्र के गढ़ी दुल्ला गांव में सोमवार को रालोद की सभा हुई, जिसमें रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्ववल ने कहा रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह युवाओं को शिक्षा और तकनीकी कौशल से लैस कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। युवाओ का भविष्य संवारने का कार्य कर रहे है। किसान हित में इस बार गन्ने का मूल्य 400 रुपये जयन्त चौधरी के प्रयासो से हुआ।

उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी गरीब किसान मजदूरों व युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्हीं के प्रयास से युवाओं की भर्ती और आयु सीमा बढ़ी। अब उन्होंने रो. हतक और बड़ौत में वर्ल्ड स्किल रिसोर्स लैब स्थापित करने की घोषणा की हैं। लैब में युवाओं को तकनीकी कौशल से प्रशिक्षित किया जायेगा।

इससे युवा आत्म निर्भर बनेंगे और उनका भविष्य संवरेगा। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव के लिए गांव के 300 जरुरत मंद लोगों को कंबल वितरित किये। अध्यक्षता रामकले व संचालन सुरेश प्रधान ने किया सभा में राजू तोमर सिरसली, लेखराज प्रधान गौरव भारद्वाज मो. हनवीर उज्जवल मदन उज्जवल नीरज ओमपाल प्रेमचन्द रामपाल भागमल विक्रम दीपक आदि उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी से दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव में युवकों के दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी जिसमें दो युवक घायल हो गये। युवकों ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

ललियाना निवासी रौनक पुत्र संदीप नें बताया कि 26 जनवरी को वह अपने दोस्त अभिनव पुत्र बब्लू के साथ गांव के ही वेद मंदिर इन्टर कालिज में प्रोग्राम देखने गया था जब वह प्रोग्राम देखकर वापस लौट रहा था तो चमरावल के पांच युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौच करने लगे विरोध करने पर उनके साथ जमकर मारपीट भी की गयी जिसमे वह दोनो घायल हो गये। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर वह उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। दोनो युवकों नें थानें पहुंच आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।



## रंगदारी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में रगंदारी मागने और हत्या के मामले में गवाहों को धमकानें के मामले में पुलिस ने दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की गयी है।

ढिकोली निवासी नवीन कुमार ने बताया कि उसके भाई प्रवीण उर्फ बब्बू की पूर्व प्रधान जय कुमार के घर पर 28 अक्टूबर 2024 में गोली मारकर और धारदार हथियारों से हमला बोल हत्या कर दी गयी थी। कुख्यात ज्ञानेन्द्र ढाका और उसके छ साथियों के खिलाफ पुलिस ने कारवाही की थी, उक्त मामले की सुनवाई न्यायलय में चल रही है, जिसमें गवाह धनपाल की गवाही शुरू हो चुकी है। 20 जनवरी को धनपाल उससे मिलने घर पर आये थे, तभी वह लधुसंका के लिए चले गये उनके मोबाइल पर 8:52 बजें मोबाइल पर काल आयी उनके द्वारा काल रिसिव की गयी, तो काल करने वाले ने खुद को कुख्यात ज्ञानेन्द्र ढाका का करीबी बताया और कहा अगर तुने अपनी गवाही तो पूरी कर ली धनपाल की पूरी नही करने देगे। तुम दोनों को जान से मार दूंगा आरोप है इसके अलावा दो अन्य दो अन्य लोगो ने भी काल कर धमकी दी और जान से मारने और 10 से 12 लाख की रंगदारी भी मागी थी। पुलिस ने इस मामले में कुख्यात ज्ञानेन्द्र ढाका के पिता को पहले ही भेज चुकी है दो अन्य आरोपी ढिकोली निवासी अजय कुमार पुत्र्र जयकरण व तेजबीर पुत्र्र राजबीर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की गयी है।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को दी कायकल्पित विद्यालय की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाज के कमजोर, असहाय और श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मविश्वास देने की दिशा में एक प्रेरक पहल के रूप में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित रविदास वैदिक पाठशाला बड़ौत (कक्षा 1 से 5) का पूर्ण कायाकल्प किया गया है। इस विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 1 से 5 तक लगभग 150 बच्चे अध्ययनरत हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कायाकल्पित विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचियों, पसंदीदा विषयों और भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी पूरी सहजता और उत्साह के साथ अपनी बातें साझा कीं। जिलाधिकारी का बच्चों के बीच सादगीपूर्ण व्यवहार और स्नेहिल संवाद विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता नजर आया। विद्यालय के बच्चों को जूते, ड्रेस, बैग सहित आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में बाधित न हो। जिला. धिकारी ने बच्चों के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया। बच्चों के लिए विशेष रूप से चॉकलेट, टॉफी एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी के साथ बैठकर भोजन करने का अवसर बच्चों के लिए अविस्मरणीय बन गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। उन्होंने इस अनुभव को यादगार बताते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने के लिए ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी से सहयोग स्थापित किया गया है। बच्चों के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण की भी योजना बनाई गई है। बच्चों को राष्ट्रपति भवन एवं अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे वे देश की विरासत, लोकतांत्रिक संस्थाओं और राष्ट्रीय मूल्यों से परिचित हो सकें। इस प्रकार के भ्रमण बच्चों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उनमें आत्मविश्वास का विकास करते हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ को निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके पोषण, स्वास्थ्य और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला. धिकारी ने विद्यालय के कायाकल्प कार्य को निरंतर बनाए रखने और भविष्य में भी आवश्यक सुधार कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण बच्चों के सीखने की क्षमता को कई गुना बढ़ा देता है। प्रशासन की यह प्राथमिकता है कि प्रत्येक बच्चा सम्मान और सुविधा के साथ शिक्षा प्राप्त करे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सवपूर्ण माहौल रहा। शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक और बच्चे सभी इस परिवर्तन से उत्साहित नजर आए। बच्चों ने नए कक्षाओं, रंगीन दीवारों और सुविधाओं को देखकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा, विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरसात और ओलावृष्टि ने किया लोगों का जनजीवन प्रभावित

**बागपत।** खेकड़ा तहसील में हुई बरसात और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित किया है। तेज बारिश और हवा के कारण सर्दी बढ़ गई है, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई।

दो दिन की धूप के बाद बागपत में अचानक हुई बारिश से तापमान गिरा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में भी सुधार देखा गया है, जो 254 दर्ज किया गया। ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है, खासकर आलू और गेहूं की फसलें प्रभावित हुई हैं। खेकड़ा तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। तेज हवाओं ने बारिश के साथ ठिठुरन बढ़ा दी है। आसमान में अभी भी घने बादल छाए हुए हैं और आगे भी बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। किसान अमित त्यागी, वीरपाल सिंह और मनोज चौहान ने बताया कि जिन क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई है, वहां फसलों को काफी नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया है। दिन में जहां गर्मी थी, वहीं रात में तेज हवाओं के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सीएमओ डा. तीरथ लाल ने कहा कि बदलता मौसम स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। उन्होंने सभी लोगों को गर्म कपड़े पहनने और सर्दी के मौसम में पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी, ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।



## दो युवकों पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कस्बें में रविवार रात्रि दो बाईक युवक अज्ञात युवकों ने अलग अलग स्थानों पर खड़े दो युवकों पर ड्न्डो से जानलेवा हमला कर फरार हो गये जिससे कस्बें के लोगो में आक्रोश है। पुलिस जांच में जुटी है।

रटौल निवासी एडवोकेट नदीम पुत्र सलीम रविवार रात्रि लगभग 11 बजें घर के बाहर अपनी दुकान के पास खड़ा था अन्य परिजन दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे तभी दो अज्ञात बाईक सवार युवक वहा पहुंचे और नदीम के सर पर डंडा मार फरार हो गये। वह लहुलुहान होकर वही गिर पड़ा परिजनों ने देखा तो तुरंत उसे उठाया और नीजि चिकित्सक के यहा ले गये। इसके बाद बाईक सवार युवक ईदगाह मार्ग पर आगें घर के बाहर खड़े असद पुत्र नसीरूद्दीन पर भी ड़डे से हमला बोल फरार हो गये जिससे उसे गम्भीर चोटे आयी और परिजन तुरंत उसे दिल्ली के तेग बाहदुर अस्पताल लेकर पहुंचे अचानक हुये हमले से सभी स्तम्भ रह गये। तुरंत रटौल पुलिस चौकी पर सूचना दी गयी गणतंत्र दिवस के मौकें पर कौन लोग थे जो कस्बें में माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे थे दिन पर कस्बें में इसे लेकर चर्चा होती रही। तीन वर्ष पहले विनयपुर गांव में भी हुडदंगयो ने एक व्यक्ति जो सर के बाहर बैठा था उसके सर पर धारदार हथियारों से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था जब भी असमाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया था। मामले को लेकर दोनो युवकों ने थाना खेकड़ा में तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है और अज्ञात बाईक सवार युवकों को पकड़ने की मांग की है।

## अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा की स्मृति स्थल पर किया ध्वजारोहण

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा स्मृति स्थल पर विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर ने अपनी टीम के साथ ध्वजारोहण किया।

उन्होंने कहा कि 77वे गणतंत्र दिवस पर देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर को नमन करते हुए उन्हें सलामी दी जाती है। भारी संख्या में लोगों ने यतेंद्र खोकर की स्मृति स्थल पर देश की अमर शहीदों की याद में यतेंद्र खोखर अमर रहे के नारे भी लगाए गए। सभी लोगों ने मस्तक झुकाकर उन्हें नमन किया। इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि शहीदों की याद में वर्ष मेले लगते रहेंगे। आज अगर हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब अमर शहीदों की देन है जैसे खेत में किसान काम करता है ऐसे ही देश का जवान सीमा पर रहकर हमारी सुरक्षा करता है। इस मौके पर उनके साथ बलवान खोखर जयवीर प्रधान बंटू भुट्ट भोपाल सिंह उदयवीर सिंह यश खोखर बिजेंदर आर्य महिपाल सिंह डा.सुधीर कुमार के अलावा भारी संख्या में गांव के समाजसेवी मौजूद रहे।



## आकासीय बिजली गिरने से बेल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर में खेत से बेल बुग्गी लेकर लौट रहे किसानों की बुग्गी के पास आकासीय बिजली गिरने से एक बेल की मौत हो गयी जबकि चार युवक बाल बाल बचें इसके अलावा एक पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया।

खट्टा प्रहलादपुर गांव निवासी मनीष के खेत में बिजेन्द्र पुत्र सुखबीर गन्ने छिलने के बाद बेल बुग्गी लेकर वापस आ रहा था, उसके साथ गांव के ही मनीष, अमित, गजेन्द्र, हर्षित भी थे। बारिश के साथ अचानक बेल बुग्गी के समीप आकासीय बिजली गिरनें से बेल की मौत हो गयी जबकि चारो लोगो ने बुग्गी से कूद अपनी जान बचाई। इसके अलावा समीप की खड़ा एक पेड़ फटकर क्षतिग्रस्त हो गया। आकासीय बिजली गिरने से हादसे के बाद गांव के लोग जब वहा पहुंचे तो पेड़ क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा। इसके अलावा जिस पशुपालक का बेल मरा उसको सात्वंना भी दी। वही ग्रामीणों ने पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग ही की है।



## थाना परिसर में ध्वजारोहण कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में राष्ट्रीय पर्व की झलक साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत थाना परिसर में थाना प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण कर की गई। उसके बाद एकत्रित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान के गायन के साथ हुई। राष्ट्रगान के दौरान सभी पुलिसकर्मी पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ खड़े रहे, जिससे देश के प्रति उनके समर्पण और सम्मान का भाव झलकता रहा। इसके पश्चात थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों को संविधान की मर्यादा बनाए रखने एवं उसके प्रति पूर्ण निष्ठा रखने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में थाना प्रभारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार, निष्ठावान और संवेदनशील बने रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और मानवता को सर्वोपरि रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर थाना परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा और पुलिसकर्मियों में नई ऊर्जा व उत्साह देखने को मिला।

## रेड क्रॉस ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय रेड क्रॉस समिति द्वारा उप-सभापति के आवास पर सामाजिक सरोकार के तहत 10 जरूरतमंद गरीब प्रभुजनों को कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस समिति का मूल उद्देश्य पीड़ित और वंचित वर्ग तक समय पर सहायता पहुँचाना है। ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे सेवा कार्य न केवल शारीरिक राहत देते हैं, बल्कि मानवीय संवेदना और अपनत्व का संदेश भी देते हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में जाने-माने समाजसेवी उप-सभापति हंसराज गुप्ता ने बताया कि दुनिया में समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गरीबों की मदद करना हम सब लोगों का ठंड के मौसम में कर्तव्य बनता है। इस मौके पर प्रवीण गुप्ता, सचिन कुमार गुप्ता तथा अतुल गुप्ता की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को सम्मान कंबल भेंट किए और उनका कुशलक्षेम जाना। कंबल मिलने से प्रभुजनों में प्रसन्नता देखने को मिली। रेड क्रॉस समिति के पदा. धिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया।

## जनता वैदिक कॉलिज में 77वां गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलिज में 77वां गणतन्त्र दिवस बड़े हर्शोल्लास के साथ एक उत्सव से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलिज में षिक्षक, षिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं भारी संख्या में मौजूद रहे। एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह एवं पदा. धिकारियों तथा कॉलिज प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा प्राचार्य ने गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण किया, तत्पष्चात राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम का अगला चरण महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें अनेक छात्र एवं छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत गीत गाये। साथ ही साथ गणन्त्रत दिवस के सम्बन्ध में अपने समीचीन विचारों की अभिव्यक्ति भी की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्रबन्ध समिति एवं प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर-डॉ. राजेष कुमार दूबे द्वारा लिखित पुस्तक ''भारतीय ज्ञान परंपरा एक सांस्कृतिक सन्दर्भ'' का विमोचन किया गया। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ने पुस्तक को उदबोधित करते हुए बताया कि यह पुस्तक स्नातक कक्षाओं के सभी विशय एवं सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगी। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष-वीरेन्द्रपाल सिंह, बुद्धसिंह, देवेन्द्र सिंह, कॉलिज प्राचार्य डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह, उप-प्राचार्य डॉ. मदनपाल सिंह, डॉ.प्रताप चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. कोर्डिनेटर प्रोफेसर जीपी सिंह ने अपने विचार रखे। साथ ही कृशि, कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय के समन्वयकों के द्वारा अपने संकाय की 2024-25 की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जोकि महाविद्यालय गौरवांन्वित करने वाली हैं। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय षिक्षण एवं प्रषिक्षण तंत्र को अत्यधित आधु. निक, सुग्राहय तथा षक्तिषाली बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए प्राचार्य एवं षिक्षको को आष्वस्त किया। कार्यक्रम में डॉ. उर्वेन्द्र कुमार-सेवानिवृत्त प्राफेसर, डॉ.ष्यामकिषोर, डॉ.प्रताप चौधरी, डॉ.राजेष कुमार गुप्ता, ब्रजराज सिंह तोमर, डॉ.अनुपम तिवारी, रवित तोमर, सोविन्द्र मलिक, षषिकान्त, श्रीपाल कुमार, गुलबीर सिंह, संजीव, अभय सांगवान, उमानन्द त्यागी, नितिन कुमार आदि का गणतन्त्र दिवस के आयोजन के प्रषासन एवं प्रबन्धन में सफल योगदान रहा है। महाविद्यालय में आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह तथा नेतृत्व प्रोफेसर/प्राचार्य डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।



# परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गांव सौदत निवासी युवक की सऊदी अरब में मौत

## सड़क दुर्घटना में हुआ हादसा, वहीं हुआ दफीना, क्षेत्र में गम का माहौल

- रोजगार के लिए गया था अरब
- वीडियों कॉल के माध्यम से परिजनों को दिखाई गई दफन करने की प्रक्रिया
- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सौदत निवासी युवक रहबर चौधरी उम्र 26 वर्ष की सऊदी अरब में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद घटना से गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के बड़े भाई फैसल चौधरी उर्फ राहुल गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि रहबर चौधरी सऊदी अरब में रोजगार के सिल. सिले में रहकर कार्य करता था।

चार दिन पूर्व काम के दौरान एक सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बड़े भाई फैसल चौधरी के अनुसार, रहबर चौधरी का अंतिम संस्कार सऊदी अरब में ही किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 26 जनवरी 2026 को जोहर की नमाज के बाद



सऊदी अरब में ही रहबर चौधरी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। वहीं, गांव सौदत स्थित उनके आवास पर दोपहर करीब 2 बजे वीडियो कॉल के माध्यम से दफन की प्रक्रिया को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया, ताकि परिजन और ग्रामीण अंतिम दर्शन कर सकें। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे मरहूम की मगफिरत के लिए सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। फैसल चौधरी ने गांव और आसपास के लोगों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर दुआ में शामिल हों और मरहूम की आत्मा की शांति के लिए दुआ करें। रहबर चौधरी के निधन से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि रहबर मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे। उनके असमय निधन से सभी को गहरा सदमा पहुंचा है।

# नगर पंचायत की पाइप लाइन फटने से मकान क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मौहल्ला गांधार दरवाजा में नगर पंचायत की टंकी का पाइप फटने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित ने नगर पंचायत से मुआवजे की मांग की है। नगर पंचायत द्वारा पाइप लाइन से नगर के ऊपरी स्थल पर बनी टंकी में पानी भरा जाता है जो रात को 12 बजे चलाई जाती है तथा सुबह के 4 बजे तक वह टंकी भरती है नगर के मोहल्ल गांधार दरवाजा निवासी कुलदीप पुत्र विक्रम सिंह ने बताया कि 23 जनवरी की रात को 12 बजे टंकी का पानी चला तो पाइप फट गया जो सुबह के 4 बजे तक फटा रहा और पानी की बर्बादी होती रही इस पानी के मकान में भरने से मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे मकान गिरने की स्थिति में आ गया सुबह उन्होंने देखकर इसकी शिकायत नगर पंचायत में की तब नगर पंचायत कर्मियों ने टंकी का पाइप सही कर दिया मगर गड्ढा अभी भी बना हुआ है उन्होंने ईओ मनोज शर्मा से शिकायत करते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# रसुलपुर धौलडी में देश भक्ति के गीत के साथ निकली तिरंगा यात्रा

## पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर रैली में हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार को गणतंत्र दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें युवाओं में देशभक्ति का जोश देखने को मिला। वहीं जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में शिव मंदिर से तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा शिव मंदिर से होते हुए रसूलपुर धौलडी के मुख्य चौराहों से होते हुए नानू फतेहपुर के बाद वापस शिव मंदिर पर संपन्न हुई।

जिसमें युवाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए और देश पर मर मिटने वाले शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव राम प्रसाद, बिस्मिल, सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों को याद किया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी ने कहा कि आज की पीढ़ी में जज्बा पुराने क्रांतिकारी जैसा है। वहीं तिरंगा यात्रा में जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार एसएसआई कपिल देव पुलिस फोर्स के साथ रैली में डटे रहे, और रैली को सकुशल संपन्न कराया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर, निशांत त्यागी जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, रोहित गुर्जर, रोहित चिकारा, अमन वर्मा, रवि गोयल, अंकित, आशीष प्रजापति, ऋतिक गुर्जर व सभी गांव के युवा मौजूद रहे।

# जानी क्षेत्र में बारिश के साथ पड़े ओले, शिमला जैसा रहा नजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को मौसम ने बारिश के साथ दोबारा करवट ली। जिसमें ठंड और भी दोबारा बढ़ गई है। वहीं जानी क्षेत्र में पूरे दिन लोग घरों में कैद रहे और बारिश के साथ-साथ ओले भी पड़े जिसमें शिमला जैसा नजारा देखने को मिला और लोगों ने अपने आप को घर में कैद कर लिया यह नजारा देख सभी लोग अपने-अपने मोबाइल के कैमरे खोल वीडियो बनाने लगे और शिमला जैसा कुछ अलग मजा आया कुछ लोगों का कहना था कि जानी क्षेत्र में ही कश्मीर और शिमला जैसा नजारा फ्री में ही देखने को मिल रहा है, क्योंकि मंगलवार को पूरे दिन मेरठ व अन्य शहरों में भी बारिश और ओला की वर्षा हुई है जिससे मौसम और भी सुहावना हो गया है। बतादें कि बीते तीन दिन पहले लोगों को गर्मी का अहसास हुआ था लेकिन अचानक तेज बारिश व ओलों से मंगलवार को लोग कंपकंपाने लगे। सड़को पर लोग तब ही निकले जब उन्हे जरूरी काम दिखाई दिया। बारिश के कारण सड़को पर भी सन्नाटा दिखाई दिया।

# ऋषभ एकेडमी में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी के प्रांगण में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि अरुण कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगे को सलामी दी गई व राष्ट्रगान गाया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र जैन, विद्यालय अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव सी. ए. डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, पवन कुमार जैन, प्रधानाचार्य शरद त्यागी व उप-प्रधानाचार्य पवन कपूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्षा पूनम जैन व सह संच. ालन हेड गर्ल अदिति पंत व हेड बॉय रुद्रांश रस्तौगी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कोटि कोटि कंठ देशभक्ति गीत गाया गया और दुल्हन चली, जय हो व ये देश है वीर जवानों का आदि देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कक्षा 7 के युग व रत्ना ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय हरी चंद जैन की स्मृति में प्रथम एक्सीलेंस अवार्ड कक्षा 5 की छात्रा कुमारी समसिया खातून को विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। जिसमें छात्र को शील्ड, सर्टिफिकेट व 2100 रूपए की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों का अतुल्यनीय योगदान: अशोक कुमार सैनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अशोक कुमार सैनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने उपस्थित सभी व्यक्तियों को बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों का योगदान अतुल्नीय है। हमारा संविधान, विश्व इतिहास में आज तक के सबसे बड़े गणराज्य का आधार ग्रन्थ है। गणतन्त्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। इस देश की मिट्‌टी के हर कण में अनगिनत बलिदानों की यादें बसी है। गणतन्त्र दिवस हमें याद दिलाता है कि देशभक्ति सिर्फ जश्न या भाषणों तक सीमित नही है, यह ईमानदारी, कडी मेहनत, एकता, एक-दूसरे के प्रति सम्मान और राष्ट्र की प्रगति के लिए, योगदान देने के लिए है। उन्होंने सभी को गणतन्त्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई दी एवं अपील की है कि सभी अपने कस्बे को स्वच्छ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अपने-अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को गीले व सूखे कूड़े में अलग अलग कर निकाय सफाई वाहन में ही डालें एवं पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता विवेक कुमार सैनी ने किया। इस मौके पर अनुराधा सभासद, मुकेश सैनी सभासद, नईम अनवर सभासद, सोहनवीर सभासद, कुसुमलता बिश्नोई सभासद, रविन्द्र सैनी, सुरेन्द्र सैनी, सपा नेता मोहित तोमर, अरूण सैनी, प्रमोद कुमार सैनी, पृथ्वी सैनी, जीतू चौधरी, रणधीर सिंह फौजी, भगवान सहाय, महेन्द्र सिंह, मेघराज सैनी, डॉ. शब्बीर, राजेन्द्र भारती, दाताराम सैनी आदि रहे।

# नंगला हरेरु के फैज-ए-आम कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नंगला हरेरु स्थित फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अहतेशाम रिजवी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी बी.के. त्रिपाठी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान, नागरिक कर्तव्यों एवं देशभक्ति के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी आशा शर्मा ने महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिरुद्ध धामा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूबे सिंह, मोहम्मद आरिफ, परविंद, अब्दुल कादिर, रूबी रिजा रिजवी, फरहा खातून, अमन राव, सोनू सिंह, हिना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जे.पी. पब्लिक स्कूल पांची में 77वें गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करके समा बांध दिया।

मेरे देश के वीर जवानों का, मेरे देश की धरती सोना उगले आदि देशभक्ति गीतों पर नृत्य करके सभी दर्शकों को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। सबसे पहले पूर्व प्रधान वीरेश त्यागी, बिजेन्द्र त्यागी, जहीर खान, दुष्यंत त्यागी, दिनेश त्यागी और स्कूल प्रधानाचार्य शीतल शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजा रोहण किया। झंडा गीत के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। स्कूल के बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा कि बच्चे देश की नींव हैं। सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करके भारत को विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन इंजी. नियर सौरभ सैनी, रोहित सैनी, शिक्षक योगेश शर्मा, सागर सैनी, पिंकी, कोमल त्यागी, माहिन, इकरा और रियाजुददीन, गुलफाम सैफी आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# ऊर्जा भवन में प्रबंध निदेशक ने किया ध्वजारोहण

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- किकेट प्रतियोगिता, रस्साकसी एवं म्यूजिकल चेयर का भी हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोउल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन परिसर मेरठ के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, ध्वजारोहण के पश्चात् सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राष्ट्रीयगान गाया गया।

प्रबंध निदेशक ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि 26 जनवरी केवल एक तिथि नहीं है बल्कि वह दिन है जब भारत ने अपने संविधान को आत्मसात कर, एक समप्रभुत्व, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप मे स्वयं को स्थापित किया। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि हमे अपने जीवन में संविधान में निहित आदर्शों, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन को अपनाना चाहिए। पश्चिमांचल डिस्काम को ए+ रेटिंग प्राप्त होने पर, प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों व कर्मचारियों के योगदान की सरहाना की। उन्होनें कहा की संस्थान की प्रगति मे, सभी का सामूहिक प्रयास निहित है और आगे भी उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जाऐगें। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकारियों/ कर्मचारियों को निष्ठा की शपथ




दिलाई गई, शपथ दिलाते हुये प्रबंध निदेशक ने कहा कि भारत की सार्वभौमिकता तथा सत्यनिष्ठा बनाये रखने के लिये, अपने कार्यालय के कार्य निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करें। इस अवसर पर संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), आशु कालिया निदेशक (कार्मिक एवं प्रशा.), एन.के. मिश्रा निदेशक (तकनीकी) एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त) द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। कु. आरूषि ठाकुर ने देश भक्ति गीत गाकर, श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सरहाा गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिजली बिल राहत योजना, राजस्व वसूली और विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रबन्ध निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शर्मा नगर, विक्टोरिया पार्क में किया गया, जिसका उद्घाटन प्रबन्ध निदेश द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अधिकारियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। विजेता टीम को प्रबन्ध निदेशक द्वारा पुस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नि श्रेया एवं निदेशक (का. एवं प्रबं.) की धर्मपत्नि कंचन कालिया ने अत्यन्त उत्साह के साथ भाग लिया और विजेताओं का मनोबल बढ़ाया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के पश्चात् रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन शर्मा नगर विक्टोरिया पार्क, किकेट ग्राउड मेरठ में किया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि कर्नल बब्बर ने गाया राष्ट्रगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल बब्बर रहे। जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह का उत्साह दोगुना हो गया। विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सम्मान दिया।

कर्नल बब्बर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा




प्रस्तुत देशभक्ति समूहगान और छात्राओं के सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। यूकेजी की अन्वी गुप्ता व कक्षा 11 की तनिष्का सिंह ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत किए। एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे को सलामी देकर समर्पण भाव दर्शाया। क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए।

# जीटीबी में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण उप-प्रधानाचार्या, मिस प्रभा राव द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम नन्हें मुन्नों ने छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी, सुनों गौर से दुनिया वालों देशभक्ति के तरानों की सुंदर प्रस्तुति देकर आजादी के दीवानों की याद दिला दी। वह दूसरी ओर ए वतन मेरे आबाद रहे तु एवं अनेकता में एकता ये हिंद की विशेषता पर सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। एक के बाद एक देशभक्ति के तरानों को सुंदर श्रृंखला में पिरोते हुए बच्चों ने सारा वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। स्कूल उप-प्रधानाचार्या मिस प्रभा राव ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश को पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य बनाने वाले सभी महान हस्तियों के योगदान को याद दिलाया।



# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सरोजिनी अग्रवाल रहीं। जिनका स्वागत प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं उप प्रधानाचार्या मीनू कपूर ने किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा ध्वज सलामी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय परिसर देशभक्ति नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम का संदेश दिया। सामूहिक नृत्य और गीतों ने दर्शकों में जोश भर दिया। कक्षा 11 की छात्राओं अंशिका और नवनीत कौर ने प्रेरक विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में डॉ. सरा. ेजनी अग्रवाल ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल और प्रधानाचार्य ने सभी को शुभकामनाएं दी।



# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी घायल, तमंचा व जिंदा गाय बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना सरूरपुर पुलिस ने गौकशी की घटना को अंजाम देने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान टीम को सूचना मिली कि खिवाई के जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग गौकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी आवेश उर्फ गोला निवासी क्षेत्र के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण तथा एक जिंदा गाय बरामद की है। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने कहा कि फरार आरोपियों की तलाश में जंगल और आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है।

# द एवेन्यू पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** द एवेन्यू पब्लिक स्कूल' जी पॉकेट गंगा नगर में सोमवार को भारत का 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष रमेश कुमार सैनी ने ध्वजारोहण किया व सभी ने राष्ट्रीय गान गाया। एनसीसी कैडेट्स ने परेड करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 'उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती' सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के अध्यक्ष ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए, प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को सभी परिस्थितियों में उचित मार्ग पर चलने की ओर अग्रसर किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को लड्डू वितरित किए गए।

# रसगुल्ले में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

## इंचौली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, एसएसपी से लगाई गुहार

- पति का दोस्त था आरोपी
- काफी समय से पीड़िता को उसकी नियत पर था शक
- पीड़िता ने मेडिकल कराकर कार्रवाई की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंचौली गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही रहने वाले एक युवक पर रसगुल्ले में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया महिला ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर इंचौली पुलिस पर भी कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा।

महिला ने बताया कि उसका पति काफी समय से गांव के ही रहने वाले आरिफ के साथ टावर लगाने का काम करता है महिला ने कुछ दिन पहले अपने पति से कहा था कि आरिफ की निगाह ठीक नहीं है जिस पर पति ने कहा कि वो ऐसा नहीं है जिसके बाद महिला ने नजरअंदाज कर दिया था। महिला का आरोप है कि बीती 20 जनवरी को रात लगभग 10.30 बजे आरिफ उसके घर रसगुल्ले लेकर आया और उसे व उसके पति को रसगुल्ले खाने को कहा आरोप है कि महिला व उसके पति ने कहा कि वो सुबह खा लेंगे आरोप है कि आरिफ ने जिद करके एक रसगुल्ला महिला को खिलवा दिया और कुछ देर बाद उसके पति को बाहर ले जाकर उसे भी रसगुल्ले खिलाए। महिला का आरोप है कि कुछ देर बाद ही उसे ओर उसके पति को नशा होने लगा महिला का आरोप है कि अगले दिन दोपहर को उसे होश आया तो वो अर्धनग्न अवस्था में थी तभी उसने पति को उठाया तो वो भी नशे की हालत में था महिला ने बताया कि उसका शरीर पूरी तरह से टूटा हुआ था महिला ने कहा कि उसे अंदेशा है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। महिला ने इंचौली थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए पूरी घटना बताई आरोप है कि इंचौली पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की जिसके बाद वो एसएसपी कार्यालय पहुंची महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि उसका मेडिकल कराया जाए महिला ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गुहार लगाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप में पाकिस्तान को हरा सिल्वर पदक जीता

**थाईलैंड, वार्ता।** भारतीय पुरुष फुटसल टीम के लिए यह 77वां गणतंत्र दिवस यादगार रहा, जिसने यहां हुआ माक इंडोर स्टेडियम में सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में अपने विरोधी पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सिल्वर मेडल पक्का किया। फुटसल टाइगर्स, जो फीफा पुरुष फुटसल रैंकिंग में 133वें स्थान पर हैं, ने छह मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, जो मालदीव (109वें स्थान पर) से सात पॉइंट्स पीछे है। 114वें स्थान पर काबिज नेपाल ने भी 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, लेकिन कम गोल डिफरेंस के कारण सिर्फ ब्रॉन्ज मेडल ही जीत पाया। लालसावम्पुइया (25', 40') ने दो गोल किए, जबकि विन्सेंट लाल्टलुआंगजेला (6') और निखिल माली (32') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया।

### पाक ने कीवियों को आठ विकेट से पीटा

**हरारे, वार्ता।** अब्दुल सुभान (4 विकेट) और अली रजा (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स के ग्रुप दो मुकाबले में मंगलवार को 197 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से पीट दिया। न्यूजीलैंड को 28.3 ओवर में 110 रन पर ढेर करने के बाद पाकिस्तान ने 17.1 ओवर में दो विकेट पर 112 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। समीर मिन्हास ने नाबाद 59 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन की मैच विजई पारी खेली। उस्मान खान ने 24 गेंदों पर 15 रन बनाए। सुपर सिक्स में पाकिस्तान की यह दूसरी जीत है। इससे पहले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरे पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुभान ने 11 रन पर चार विकेट और रजा ने 36 रन पर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को ध्वस्त कर दिया।

# न्यूजीलैंड-भारत का चौथा टी-20 आज



**भारत ने पहले तीन मैच जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** इस समय भारतीय टीम में एक खास तरह का आत्मविश्वास है, और जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा टी-20 इंटरनेशनल मैच पास आ रहा है, यह आत्मविश्वास सीरीज की मुख्य और वायरल कहानी बन गया है। भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया है, लेकिन नतीजों से ज्यादा, उनके क्रिकेट के तरीके ने सबका ध्यान खींचा है। हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के तहत, यह टीम इतने निडर इरादे से खेली है कि विरोधी टीम गेंद फेंके जाने से पहले ही अपने प्लान पर दोबारा सोचने लगती है। यह साफ सोच, तेज एग्जीक्यूशन और सबसे जरूरी, इस विश्वास के साथ खेला जाने वाला क्रिकेट है कि कोई भी टारगेट बहुत बड़ा नहीं है और कोई भी स्थिति बहुत मुश्किल नहीं है। इस कहानी के केंद्र में अभिषेक शर्मा हैं। युवा ओपनर ने ऐसे बैटिंग की जैसे उन्हें एक आसान सा निर्देश दिया गया हो: बॉल देखो, बॉल मारो, और जोर से मारो। नागपुर में 35 गेंदों पर उनके 84 रन और गुवाहाटी में सिर्फ 20 गेंदों पर जबरदस्त 68 रन कोई लाप. रवाही नहीं थी, बल्कि सोचा-समझा अग्रेसन था-ऐसा अग्रेसन जो बॉलिंग टीम को पहले तीन ओवर में ही बैकफुट पर ला देता है। पुराने जमाने की भाषा में कहें तो, उन्होंने गेम जल्दी ही छीन लिया, और यह भारत के लिए बहुत कीमती रहा है।

कैप्टन सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी ने कहानी में एक और परत जोड़ दी है। 2025 की शुरुआत में एक खराब दौर के बाद, वह हर तरह से ऐसे बैटर दिखे हैं जो दो ओवर के अंदर मैच बदल सकते हैं। जहां कोई गैप नहीं लगता, वहां गैप ढूंढ़ने की उनकी काबिलियत ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया है कि वह भारत के टी-20 प्लान में इतने जरूरी क्यों हैं। रायपुर में ईशान किशन की वापसी वाली पारी, जो आजादी और कॉन्फिडेंस के साथ खेली गई, ने भारत के बैटिंग रिजर्व की गहराई को और दिखाया है। भारतीय थिक-टैंक को शायद सबसे ज्यादा खुशी टीम के बैलेंस से हुई है। शिवम दुबे, रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या के साथ मिडिल ऑर्डर ने बिना ज्यादा दिखावे के ठीक-ठाक काम किया है, जबकि बॉलर्स ने एक अच्छी तरह से प्रैक्टिस की हुई यूनिट की तरह काम किया है। जसप्रीत बुम. राह ने कंट्रोल और इंटेलिजेंस के साथ लीड किया है, अर्शदीप सिंह ने लेफ्ट-आर्म वैरायटी दी है, और स्पिनर्स ने इंडियन कंडीशंस का इस्तेमाल मिस्ट्री के बजाय मैच्योरिटी के साथ किया है। न्यूजीलैंड के लिए, कहानी बहुत अलग रही है। वनडे सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद, वे टी-20 फॉर्मेट में इंडिया की तेजी का मुकाबला करने के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने कड़ी टक्कर दी है, और कप्तान मिचेल सेंटनर ने लीडरशिप दिखाई है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में पैसेंजर्स को जगह नहीं मिलती, और उनके कई मेन प्लेयर्स जरूरी मौकों पर चुप रहे हैं। इस फॉर्मेट में, हिचकिचाहट की अक्सर सजा मिलती है, और इंडिया ने ठीक वैसा ही किया है। जैसे ही सीरीज चौथे टी-20 के लिए डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आगे बढ़ रही है, यह मैच एक और जीत या हार से कहीं ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इंडिया के लिए, यह होम वर्ल्ड कप से पहले एक टेम्पलेट को मजबूत करने के बारे में है, यह दिखाते हुए कि यह एग्रेसिव अप्रोच सिचुएशनल नहीं बल्कि स्ट्रक्चरल है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह जवाब खोजने के बारे में है, और जल्दी से। क्रिकेट, हमेशा की तरह, एक बेहतरीन लेवलर बना हुआ है, लेकिन इस समय, इंडिया मॉडर्न टी-20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से एक टीम दिख रही है।

# केन रिचर्डसन ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

- **केन रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे 36 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने 34 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे और 36 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले और 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। घरेलू स्तर पर नॉर्दर्न टेरिटरी और साउथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, रिचर्डसन ने 2008-09 सीजन में लिस्ट-ए में डेब्यू किया और उनका इंटरनेशनल डेब्यू 2013 में श्रीलंका के खिलाफ एक वनडे मैच में हुआ। रिचर्डसन का बीबीएल करियर शानदार रहा और वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने हर सीजन में खेला है। उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ छह सीजन खेले, जिसके बाद 2017-18 में मेलबर्न रेनेगेड्स में चले गए, और 2025-26 सीजन से पहले सिडनी सिक्सर्स के साथ एक साल का करार करने से पहले आठ सीजन तक उनका प्रतिनिधित्व किया। वह 142 विकेट के साथ इस टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर खत्म करते हैं। रिचर्डसन एक ग्लोबल खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने आईपीएल सहित अलग-अलग टूर्नामेंट में फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। रिचर्डसन के एक बयान में कहा गया कि 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का हर कतरा निचोड़ लिया है।

# स्कॉटलैंड ने विश्व कप टीम घोषित की

- **स्कॉटलैंड ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भाग लिया था**



**एडिनबर्ग, वार्ता।** नए हेड कोच ओवेन डॉकिन्स की देखरेख में और रिची बेरिंगटन की कप्तानी में, स्कॉटलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी सातवीं भागीदारी के लिए टीम की घोषणा की है। इस यूरोपीय टीम ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भी भाग लिया था। जैनुल्लाह एहसान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, यह अफग़ान मूल का तेज गेंदबाज हाल ही में स्कॉटलैंड के लिए खेलने के योग्य हुआ है। टीम में पूर्व न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम ब्रूस भी शामिल हैं, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेंगे। 34 वर्षीय ब्रूस ने स्कॉटलैंड के लिए खेलने से पहले ब्लैक कैप्स के लिए 17 टी-20 मैच खेले हैं। आईसीसी के अनुसार, क्रिकेट स्कॉटलैंड के हेड ऑफ परफॉर्मेंस स्टीव स्नेल को उम्मीद है कि टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने की विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार है। बांग्लादेश की जगह विश्व कप में शामिल किया गया स्कॉटलैंड इस कॉम्पिटिशन के ग्रुप सी का हिस्सा है और इंग्लैंड, इटली, नेपाल तथा वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उनका पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।

**स्कॉटलैंड टीम**-रिची बेरिगटन, टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह एहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, सफ्यान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील।

ट्रैवलिग रिजर्व: जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस, नॉन-ट्रैवलिग रिजर्व: मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर।


# पाक का टी-20 विश्व कप खेलने को लेकर फैसला 2 फरवरी तक

- **पीसीबी के चेयरमैन ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया**



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप 2026 में शिरकत को लेकर संशय बरकरार है। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया है। इस सिलसिले में नकवी ने सोमवार को मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नकवी ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आखिरी अधिकार सरकार के पास है और बोर्ड सरकार के निर्देशों का ही पालन करेगा। नकवी ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक सकारात्मक बैठक हुई। मैंने उन्हें आईसीसी से जुड़े मामले की जानकारी दी और उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विकल्प खुले रखते हुए इसका समाधान निकाला जाए।

इस पर सहमति बनी कि भागीदारी को लेकर अंतिम फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार को लिया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि विश्व कप के पूर्ण बहिष्कार का विकल्प ही एकमात्र रास्ता नहीं है, जिस पर पीसीबी विचार कर रहा है। ऐसी भी अटकलें हैं कि एक सीमित विरोध दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले से हाथ पीछे खींचे जा सकते हैं। हालांकि, पीसीबी ने अब तक इस संभावित कदम पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। दिलचस्प बात यह है कि मोहसिन नकवी के बयान के ठीक अगले दिन ही बोर्ड ने टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम की घोषणा कर दी थी। टीम के ऐलान के बावजूद, मुख्य चयनकर्ता आकबि जावेद ने साफ किया कि टूर्नामेंट में पाकिस्तान की हिस्सेदारी और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम फैसला सरकार के पाले में ही रहेगा। अगर नकवी के संकेत के मुताबिक पाकिस्तान अगले हफ्ते तक फैसला टालता है, तो यह काफी देर से लिया गया निर्णय होगा। टूर्नामेंट में पाकिस्तान का पहला मैच ही ओपनिंग गेम है, जो 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला जाना है। यह संभावित निर्णय तिथि से सिर्फ चार दिन पहले का मामला होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने इस विषय पर यह जानने के लिए आईसीसी से भी संपर्क किया है कि क्या पीसीबी ने औपचारिक तौर पर उनसे कोई बातचीत की है। पाकिस्तान की विश्व कप भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल तब और गहरा गए, जब मोहसिन नकवी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर करने के आईसीसी के फैसले पर तीखी आपत्ति जताई।





# सबालेंका-एलिना सेमीफाइनल में भिड़ेंगी





- **आर्याना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में इवा जोविक को हराया**
- **एलिना स्वितोलिना ने नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लग**

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को मेलबर्न में तेज गर्मी को नजरअंदाज करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में टीनएजर इवा जोविक को हरा दिया।

सबालेंका ने 2023 और 2024 में मेलबर्न पार्क में जीता अपना टाइटल वापस पाने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में कुछ पल ऐसे भी थे जब सबालेंका का फॉर्म ठीक नहीं था, लेकिन उन्होंने 18 साल की जोविक पर 89 मिनट में 6-3, 6-0 से जीत हासिल करते हुए तेज और शांत खेल दिखाया। सेमीफाइनल में सबालेंका का एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा जो पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका ने जीत के बाद नरमी से कहा कि यह एक मुश्किल मैच था। स्कोर मत देखो, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं जीत से बहुत खुश हूं।

मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था और मैच शुरू होने तक यह 35 डिग्री तक पहुंच गया था। रॉड लेवर एरिना में अभी भी छत बंद नहीं हुई थी, सबालेंका की हैवी बॉल स्ट्राइकिंग ने जो. विक पर लगातार प्रेशर बनाए रखा। बेलारूसी खिलाड़ी ने 31 विनर्स और सात एसेस के साथ मैच खत्म किया। इस बीच में 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना को नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लगे। वह अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार पहुंची हैं। पिछले सितम्बर में, स्वितोलिना ने ठीक होने और रिचार्ज होने की जरूरत बताते हुए 2025 सीजन जल्दी खत्म कर दिया था। 31 साल की खिलाड़ी ने वापसी पर शानदार शुरुआत की है।

उन्होंने साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना 19वां करियर खिताब जीता, और अब वह अपने करियर की तीसरी सबसे लंबी टूर-लेवल जीत की लय में हैं। (2017 में, उन्होंने लगातार 15 मैच जीते थे, और 2025 में उन्होंने लगातार 11 मैच जीते थे।) दरअसल, स्वितोलिना ने 2026 में अब तक सिर्फ एक सेट हारा है - ऑकलैंड क्वार्टरफाइनल में सोनाय कार्टल से।

स्वितोलिना तीसरे सेट में कार्टल से 5-3 से पीछे थीं, लेकिन 6-4, 6-7(2), 7-6(5) से जीत हासिल की। अब यह पक्का है कि वह अगले सोमवार की रैंकिंग में अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार टॉप 10 में लौटेंगी। गॉफ पर स्वितोलिना की जीत उनके करियर की 24वीं टॉप 5 जीत है। इनमें से चार ग्रैंड स्लैम में आई हैं, सभी मैटरनिटी लीव से वापसी के बाद।

उन्होंने गॉफ के साथ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2-0 शामिल है, जहां उन्होंने 2021 के दूसरे राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया था। गॉफ की इस सीरीज में दोनों जीत 2024 में आईं, ऑकलैंड फाइनल और यूएस ओपन के तीसरे राउंड में - दोनों बार एक सेट हारने के बाद।

# सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज-ज्वेरेव

- **अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की**

**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने से सिर्फ दो जीत दूर रह गए, जहां उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ होगा। वर्ल्ड नंबर 1 ने एलेक्स डी मिनौर के नए तेज अटैकिंग खेल को झेला और आखिरकार उसे बेअसर कर दिया, और 7-5, 6-2, 6-1 से शानदार जीत हासिल की, जो रॉड लेवर एरिना में मौजूद दर्शकों के सामने एक बड़ा बयान था। अपने सातवें मेजर टाइटल और मेलबर्न में पहले का पीछा करते हुए, अल्काराज ने पिछले साल के रनर-अप अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी की। अल्काराज ने कहा कि मैं पहले राउंड से ही हर मैच में जिस लेवल पर खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं।मैं हर मैच में अपना लेवल बढ़ा रहा हूं। मैं अपनी टीम से धैर्य रखने के बारे में बात कर रहा था, क्योंकि मैं अभी सब कुछ चाहता हूं। लेकिन उन्होंने मुझसे धैर्य रखने को कहा, कि लेवल अपने आप आ जाएगा। आज मुझे बहुत सहज महसूस हुआ, शानदार टेनिस खेला, जिस पर मुझे बहुत गर्व है। डी मिनौर ने खेल के एलीट खिलाड़ियों, खासकर अल्काराज और जानिक सिनर को परेशान करने के लिए जरूरी ब्लूप्रिंट की एक झलक दिखाई, लेकिन मुकाबले ने आखिरकार उस अंतर को उजागर किया जो अभी भी उच्चतम स्तर पर मौजूद है। अल्काराज ने बेसलाइन से जोरदार शॉट लगाए, और बिना कोई सेट हारे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए आत्मविश्वास के साथ खेल को नियंत्रित किया। इस पखवाड़े, 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले छठे व्यक्ति बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, और आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और रॉड लेवर के साथ शामिल होंगे। एलेक्जेंडर बुब्लिक पर चौथे राउंड में जीत के बाद, डी मिनौर ने टॉप खिलाड़ियों के लिए पंचिग बैग बनने से बचने और विरोधियों को उनकी जगह से हटाने की अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के अपने दृढ़ संकल्प के बारे में खुलकर बात की। उनकी गति और लगातार बचाव ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में करियर के सबसे ऊंचे नंबर 6 पर पहुंचाया है। एक सेट के लिए, डी मिनौर ने उस महत्वाकांक्षा को पूरा किया। क्वार्टर-फाइनल के शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कोर्ट के अंदर आकर और अपनी शर्तों पर खेलकर 0-3 और 3-5 के घाटे से वापसी की। हालांकि, वह प्रतिरोध अस्थाई साबित हुआ। जब डी मिनौर के साथ खेलने के बारे में पूछा गया तो अल्काराज ने कहा कि यह सच में बहुत मुश्किल है। मैंने मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की, गेंद को बहुत अच्छी तरह से हिट किया। लेकिन एलेक्स आपको हर समय जल्दबाजी में डाल देता है, इसलिए आप गेंद को जितना हो सके उतनी जोर से मारना चाहते हैं, जो उसके खिलाफ असंभव है। इसलिए 3-0 से 4-3, 4-4 तक, मैं सब कुछ जल्दबाजी में चाहता था, इसलिए मैंने एक पल लिया, मानसिक रूप से ब्रेक लिया। मैं मैच के अंत तक ज्यादा धैर्यवान था। अल्काराज ने निर्णायक रूप से अपनी गति बदली, लगातार गेंद मारकर मुकाबले को खत्म कर दिया और दो घंटे, 15 मिनट में जीत हासिल की। इस जीत ने डी मिनौर पर एटीपी हेड2हेड में उनकी बढ़त को 6-0 कर दिया, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 2022 में शुरू हुई अपनी प्रतिद्वंद्विता में सिर्फ दो सेट जीते हैं। 2024 और 2025 में मेलबर्न पार्क में क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद, अल्काराज का अब टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 16-4 हो गया है। आखिरी चार में उनका मुक. ाबला ज्वेरेव के साथ 2024 के क्वार्टर-फाइनल का रीमैच होगा, जिसे जर्मन खिलाड़ी ने चार सेट में जीता था। ज्वेरेव मंगलवार को लर्नर टिएन के करियर के सर्वश्रेष्ठ मेजर रन को खत्म करके लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी, जो पिछले साल मेलबर्न में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे, ने 6-3, 6-7(5), 6-1, 7-6(3) से जीत हासिल करके अपना पहला मेजर खिताब जीतने की उम्मीद को जिंदा रखा।

# आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी के आगमन पर सभी ने कहा 'बेस्ट ऑफ लक'




**नई दिल्ली, वार्ता।** गंगा इंटरनेशनल स्कूल, हिरन कूदना के लिए आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर का चयन होना विद्यालय के इतिहास में एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहा. सिक उपलब्धि रहा। इस अवसर ने न केवल विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई, बल्कि विद्यार्थियों के मन में खेलों के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों तक सभी में आईसीसी वर्ल्ड कप ट्रॉफी को देखने का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। 'इंडिया-इंडिया' के गगनभेदी नारों, तिरंगे के साथ ट्रॉफी के भव्य स्वागत ने पूरे वातावरण को देशप्रेम और खेल भावना से ओतप्रोत कर दिया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हर्षित राणा की स्वर्णिम क्रिकेट यात्रा की नींव इसी विद्यालय में पड़ी। विद्यालय के कोच श्रवण कुमार के कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और मार्गदर्शन में उनकी प्रतिभा निरंतर निखरती गई। विद्यालय की खेल व्यवस्था और अनुभवी प्रशिक्षकों के सहयोग से हर्षित राणा ने अपने सपनों को आकार दिया और आज वे असंख्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। हर्षित राणा के सहपाठी केशव त्यागी ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बचपन से ही मैदान में उनकी हर गेंद पर तालियां गूंजती थीं। असफलताओं से सीख लेने और निरंतर अभ्यास करने की उनकी प्रवृत्ति ही उनकी सफलता की कुंजी रही है। वहीं उनके मित्र आर्यन ने उन्हें मेहनती, अनुशासित और सुसंस्कृत खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में कम उम्र में भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में चयन उनकी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। गौरतलब है कि गंगा इंटरनेशनल स्कूल ने वर्षों में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तराशा है, जिनमें प्रसिद्ध भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा सहित रणजी स्तर के खिलाड़ी सुमित माथुर, राहुल डागर, मोहित शर्मा एवं सच्चिदानंद पांडे जैसे नाम शामिल हैं। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के योगदान से जुड़े विद्यालय में वर्ल्ड कप ट्रॉफी का आगमन सभी के लिए सपने के साकार होने जैसा रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए आईसीसी क्रिकेट क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्रिकेट के प्रति अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य एवं संगीत के माध्यम से देशप्रेम और खेल भावना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित

पहला टेस्ट: को

# सम्पादकीय

**बुधवार, 28 जनवरी 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





**विनीत नारायण**

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामा. जिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमर्रू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम



**तनवीर जाफरी**



गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंक. राचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंक. राचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंक. राचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं































